


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 221

ग्वालियर, रविवार 01 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# पटियाला में कर्फ्यू हटा, लेकिन मोबाइल इंटरनेट पर रहेगा प्रतिबंध

### पंजाब सरकार ने आइजी सहित पटियाला के पुलिस अधिकारियों के किए तबादले

**चंडीगढ़।** खालिस्तान समर्थक और हिंदू संगठनों के सदस्यों के बीच शुक्रवार को हुए विवाद के बाद पटियाला जिले में लगाया गया कर्फ्यू शनिवार सुबह हटा लिया गया। जिसके बाद शहर में स्थिति सामान्य हैं और स्कूल व विभिन्न प्रतिष्ठान भी खुले हुए हैं। इसके बावजूद प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। दूसरी ओर, पंजाब सरकार ने आइजी समेत पटियाला के कई अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने पटियाला रेंज के आइजी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (सीनियर एसपी) और एसपी के तबादले कर दिए हैं। उनकी जगह मुखविंदर सिंह छीना को नया आइजी, दीपक पारीक को नया एसएसपी और वजीर सिंह को पटियाला का नया एसपी बनाया गया है। गौरतलब है कि पटियाला में शुक्रवार शाम सात बजे से शनिवार सुबह छह बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया था। शहर और जिले में कर्फ्यू के समय को तो नहीं बढ़ाया गया है, लेकिन प्रशासन की ओर से पूरी सतर्कता



बरती जा रही है। डीसी साक्षी साहनी ने पटियाला जिला में आज मोबाइल इंटरनेट सर्विस सभी एसएमएस, सभी डोंगल के इस्तेमाल पर सुबह 9-30 बजे से शाम 6-00 बजे तक पाबंदी लगा दी है। इस संबंध में संबंधित टेलीकॉम कंपनियों को भी जिला प्रशासन ने सूचित कर दिया है। इस दौरान मोबाइल फोन पर वॉयस कॉल की सुविधा मुहैया रहेगी। दूसरी ओर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शांति की अपील करते हुए घटना की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत तीन मामले दर्ज किए हैं, जबकि हिंदू संगठन से जुड़े एक व्यक्ति के खिलाफ हिंसा फैलाने का मामला दर्ज करते हुए उसे रात को गिरफ्तार कर लिया। वहीं जिला प्रशासन ने शांति कमेटी बनाकर शनिवार को दोनों पक्षों की बैठक बुलाई है। दूसरी ओर गुस्साए हिंदू संगठनों ने पंजाब बंद की अपील की है। उल्लेखनीय है कि शहर में शुक्रवार सुबह करीब दस बजे शिवसेना बाल ठाकरे की ओर से खालिस्तान मुर्दाबाद मार्च निकाला गया। खालिस्तान समर्थक शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के नेतृत्व में कुछ और संगठनों ने भी इसी समय विरोध में मार्च शुरू कर दिया। सुबह करीब 11 श्री काली देवी मंदिर के बाहर हिंदू सगंठनों के कार्यकर्ताओं और खालिस्तान समर्थक संगठनों के कार्यकर्ताओं का आमना-सामना हो गया।

## भागलपुर में बनने से पहले ही धराशायी हुआ पुल आंधी तक नहीं झेल पाया

**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज में लगभग 1,710 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा एक पुल मामूली आंधी-तूफान का भी सामना नहीं कर पाया और धराशायी हो गया। अगवानी पुल शुक्रवार



को धराशायी हो गया। इस हादसे के कारण जानमाल का तो कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन सरकारी खजाने को करोड़ों का नुकसान जरूर हुआ है। स्थानीय लोगों की मानें तो पुल का ढांचा गिरने के दौरान कई लोगों की जान बच गई। घटना पर सुल्तानगंज के विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल का कहना है की मुख्यमंत्री को सूचित कर दिया गया है। मामले की जांच होगी। जदयू के विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुल बनाने के लिए घटिया सामान का इस्तेमाल किया गया है। पुल बनाने में खूब भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से पुल का ढांचा मामूली आंधी भी नहीं झेल पाया और धराशायी हो गया। विधायक का कहना है कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया था। सुल्तानगंज के विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल ने इस हादसे की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सीएम नीतीश कुमार को इसके बारे में सूचित किया गया है। इसकी जांच होगी।

## दिल्ली, हरियाणा, यूपी, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना में अगले तीन दिन जारी रहेगा लू का कहर

**नई दिल्ली।** गर्मी का सितम जारी है। अप्रैल में ही मई-जून जैसी आग बरसा रहे सूर्यदेव के तेवरों में अभी कमी आती नहीं दिखती। भारतीय मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब, पूर्वी राजस्थान और तेलंगाना को कम से कम अगले 3 दिनों तक लू का कहर झेलना होगा। 2 और 3 मई को इनमें से कई जगहों पर धूल भरी आंधी चलने के आसार हैं। पूर्वोत्तर के इलाकों को छोड़कर बाकी जगहों पर प्रचंड गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ेगा। राजधानी दिल्ली की बात करें तो पिछले 72 साल में यह दूसरी बार है, जब अप्रैल के महीने में इतनी गर्मी पड़ी है। शुक्रवार को राजधानी के कई हिस्सों में पारा 46 डिग्री की सीमा को छू गया। दिल्ली का



औसत तापमान बताने वाले सफदरजंग स्टेशन पर लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले 12 साल में अप्रैल में एक दिन का सर्वाधिक तापमान है।

दिल्ली में अब तक का सर्वकालिक उच्च तापमान 45।6 डिग्री है जो 29 अप्रैल 1941 को दर्ज किया गया था। भारतीय मौसम विभाग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी यूपी, राजस्थान में अगले 3 दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने की आशंका जताई है। पश्चिमी राजस्थान में 1 मई के लिए सिल्वर अलर्ट जारी किया गया है। विदर्भ, मध्य प्रदेश में अगले 4 दिनों तक लू चलने के आसार हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड में भी 1 मई तक गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। बिहार, ओडिशा, उप हिमालयी बंगाल, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र में भी सूरज की तपिश लोगों को पसीने-पसीने करेगी। आईएमडी ने बताया 30 अप्रैल को उत्तराखंड, बिहार, तेलंगाना, केरल आदि में 40 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवाएं चल सकती हैं। बंगाल की खाड़ी से आ रही तेज दक्षिण पश्चिमी हवाओं की वजह से पूर्वोत्तर के इलाकों, उप हिमालयी बंगाल में अगले 4 दिनों तक आंधी-बारिश के पूरे आसार हैं। 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। अरुणचल में शनिवार को कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उत्तराखंड में 1 मई तक बारिश और ओले पड़ने की संभावना है। विभाग का अनुमान है कि देश के उत्तर-पश्चिमी इलाकों में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हो रहा है, जिसके कारण एक मई से मौसम बदलेगा। पश्चिमी हिमालयी इलाकों में 2 से 4 मई तक बारिश हो सकती है।

## खास खबर

### कोविड पाबंदियों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने बरसाई लाठियां, कई को गिरफ्तार किया

**ओटावा।** कनाडा के ओटावा में शुक्रवार रात कोविड-19 पाबंदियों का विरोध कर रहे कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोरोना पाबंदियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले समूह 'फ्रीडम फाइटर्स कनाडा' द्वारा आयोजित 'रोलिंग थंडर' नामक रैली के दौरान कुछ ट्रक पार्लियामेंट हिल की ओर जाने की कोशिश कर रहे थे। ओटावा पुलिस ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारियों को लंबे समय तक प्रदर्शन नहीं करने दिया जाएगा। शुरुआत में विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन शाम को पुलिस ने शहर में घुसने की कोशिश कर रहे एक बड़े काफिले को चेतावनी दी देखते ही देखते सैंकड़ों प्रदर्शनकारी संसद के बाहर खड़े ट्रकों के पास जमा हो गए। पुलिस ने ट्रकों के पास जाने से रोकने की कोशिश के तहत हल्का लाठीचार्ज करते हुए भीड़ को पीछे ढकेला और कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया।

### पूर्व महान टेनिस खिलाड़ी बोरिस बेकर को ढाई साल जेल की सजा

**लंदन।** टेनिस के पूर्व महान खिलाड़ी बोरिस बेकर को दिवालियापन के मामले में अदालत ने ढाई साल जेल की सजा सुनाई। अदालत ने उन्हें दिवालिया घोषित होने के बाद बैंक खाते से अवैध रूप से हजारों डॉलर हस्तांतरित करने के मामले में दोषी पाया है। तीन बार के विंबलडन चैंपियन को इस महीने की शुरुआत में दिवाला अधिनियम के तहत चार आरोपों में दोषी ठहराया गया था। मामले में अधिकतम सात साल जेल की सजा का प्रावधान है। जर्मन खिलाड़ी ने जून 2017 में दिवालिया होने के बाद अपने कारोबारी खाते से अन्य खातों में सैकड़ों हजार पाउंड (डॉलर) स्थानांतरित किए थे, जिसमें उनकी पूर्व पत्नी बारबरा और शर्ली ÷लिली बेकर भी शामिल थी। उन्हें जर्मनी में एक संपत्ति घोषित करने में विफल रहने और एक तकनीकी फर्म में 825,000 यूरो (895,000 डॉलर) बैंक ऋण और शेयरों को छिपाने का भी दोषी ठहराया गया था। उन्हें 20 अन्य मामलों में बरी कर दिया गया था, जिसमें यह आरोप भी शामिल था, कि वह अपने कई पुरस्कारों को सौंपने में विफल रहे, जिसमें दो विंबलडन ट्राफियां और एक ओलंपिक स्वर्ण पदक शामिल हैं।

### दिल्ली के जंगपुरा में अनियंत्रित होकर दुकानों में घुसी डीटीसी की बस, 6 लोग घायल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंगपुरा इलाके में शनिवार को एक डीटीसी बस अनियंत्रित होकर दुकानों में जा घुसी। इस हादसे में छह लोग घायल हो गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है और डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर घोषित किया है। अधिकारी ने कहा कि बस सराय काले खां इलाके से जंगपुरा की ओर जा रही थी। अचानक बस के चालक ने बस पर से अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे दुकानों से जा टकराई। इस घटना के बाद इलाके में जबरदस्त जाम लग गया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने पीड़ितों के बयान दर्ज कर लिए हैं और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। चालक को गिरफ्तार कर जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत में सुधार, अयोध्या पहुंचे

**लखनऊ।** अयोध्या आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत में सुधार के बाद डिस्चार्ज कर दिया है। डॉक्टर ने बताया कि उन्हें एम्बुलेंस से अयोध्या ले जाया गया है। अस्पताल की क्रिटिकल केयर टीम उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घ आयु की प्रार्थना करती है। महंत खुद को बेहतर महसूस कर रहे थे। वह लोगों से बातचीत भी कर रहे थे। इससे पहले रविवार को अचानक तबीयत खराब होने पर महंत को भर्ती कराया गया था। 84 वर्षीय महंत नृत्य गोपाल दास के गुर्दे और पेशाब संक्रमण निकला था। महंत नृत्यगोपाल दास शाम अस्पताल से स्वस्थ हो वापस अपने आश्रम पहुंचे। गत रविवार को उन्हें नियमित जांच के सिलसिले में लखनऊ के मेदांता अस्पताल ले जाया गया था। उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर अस्पताल प्रशासन ने पांच दिनों तक भर्ती रखा। हालांकि अयोध्या पहुंचने पर महंत स्वस्थ नजर आए। छोटी छावनी के हैं महंत नृत्यगोपाल दास है। उनके शिष्य देश और दुनिया में फैले हुए हैं। वहां सिर्फ राम जन्म भूमि न्यास के ही अध्यक्ष नहीं, बल्कि कृष्ण जन्म भूमि न्यास के भी अध्यक्ष हैं। इसी नाते वहां मथुरा में कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर वहां शिरकत करते रहे हैं। नृत्य गोपाल दास का जन्म बरसाना मथुरा के कहोला गांव में 1938 में हुआ है।

## पीएम ने कहा वो सबके प्रधानमंत्री हैं, फिर हमारे जज्बातों की कद्र क्यों नहीं: उमर अब्दुल्ला

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर भेदभाव का आऱोप लगाया है। उनका कहना है कि पहली बार ऐसा हो रहा है कि



रमजान के दौरान इतनी बिजली कटौती हो रही है। बातचीत के दौरान उमर अब्दुल्ला ने बिजली कटौती के अलावा कई और अहम मुद्दे उठाए। उन्होंने हनुमान चालीसा कांड पर नवनीत राणा की गिरफ्तारी पर भी अपनी बात कही। आइए जानते हैं क्या-क्या कहा उमर अब्दुल्ला ने। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि, रमजान के इस पाक महीने में जरूरी वक्त पर बिजली न काटी जाए। पहली बार ऐसा हो रहा है कि इतनी कटौती रमजान में हो रही है। या तो इसमें लापरवाही है या जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है। मान लीजिए दिनभर बिजली रहती है, लेकिन सहरी और इफ्तारी के दौरान ही बिजली कैसे गुल हो जाती है। ये समझ से परे है। पिछले कुछ महीनों में देश में हुए दंगों और उसके बाद आरोपियों के घरों पर चले बुलडोजर पर भी उमर अब्दुल्ला बोले। उन्होंने कहा कि जहांगीरपुरी में हिंदू-मुसलमान के बीच दंगे हुए। लेकिन अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई सिर्फ जहांगीरपुरी में ही हुई। क्या दिल्ली में सिर्फ यहीं पर अवैध अतिक्रमण हैं। क्यां कहीं और दिल्ली में अवैध निर्माण नहीं हुआ है। मस्जिदों के पास से जुलूस निकलता है तो ये कहा जाता है कि इस देश में रहना है तो जयश्रीराम कहना है। इस तरह के नारे पर कार्रवाई क्यों नहीं होती है। देश में मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है।

## हनुमान चालीसा के नाम पर देश में दंगा भड़काने वालों से लड़ रही है शिवसेना : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने ताजा धार्मिक विवाद पर कहा कि हनुमान चालीसा के नाम पर देश में दंगा भड़काने वालों से लड़ रही है शिवसेना। यह बात उन्होंने भाजपा के केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के बयान पर पलटवार करते हुए कही। चौबे ने कहा कि हनुमान चालीसा पढ़ने के लिए किसी को गिरफ्तार



किया जा रहा है। अगर बालासाहेब ठाकरे आज जिंदा होते तो उनकी आंखों में आंसू आ जाते। इस पर शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा, उन्हें बालासाहेब ठाकरे की चिंता करने की जरूरत नहीं है। जिसकी मंशा हनुमान चालीसा के नाम पर देश में दंगा भड़काने की है। शिवसेना उनसे लड़ रही है। इसी वजह से बालासाहेब ठाकरे हम पर पुष्पवर्षा कर रहे होंगे। संजय राउत ने अश्विनी कुमार चौबे के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि उनको बालासाहेब जी की चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। हनुमान चालीसा के नाम पर आप राजनीति कर देश को बांटने और महाराष्ट्र को बदनाम करने का काम कर रहे हैं और हम आपसे लड़ रहे हैं यह देख कर बालासाहेब जरूर खुश होंगे। उन्होंने आगे कहा कि हनुमान के खिलाफ माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के क्या बयान हैं।

## मेवाणी मामले में झूठी एफआईआर कराने वाले का पता लगाने के लिए सीबीआई जांच कराएं: चिदंबरम



**नई दिल्ली।** असम की एक अदालत ने गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करने के लिए राज्य पुलिस की खिंचाई की। इसे लेकर कांग्रेस के सीनियर नेता पी चिदंबरम ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर कटाक्ष किया। उन्होंने पूछा कि क्या सीएम सीबीआई को यह पता लगाने का काम सौंपेंगे कि वह व्यक्ति कौन था, जिसने प्राथमिकी दर्ज की। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, चिदंबरम ने कहा कि अदालत ने पाया कि कोई भी समझदार व्यक्ति दो पुरुष पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में एक महिला पुलिस अधिकारी का शीलभंग करने की हिम्मत नहीं कर सकता और प्राथमिकी का कोई आधार नहीं है। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए कहा कि अदालत ने पाया कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि मेवाणी एक पागल व्यक्ति हैं। दरअसल बारपेटा जिला व सत्र न्यायाधीश अपरेश चक्रवर्ती ने पुलिस मुठभेड़ों का उल्लेख करते हुए गोहाटी उच्च न्यायालय से आग्रह किया कि वह राज्य पुलिस बल को खुद में सुधार करने का निर्देश दे। न्यायाधीश ने कहा कि उच्च न्यायालय असम पुलिस को मौजूदा मामले की तरह झूठी प्राथमिकी दर्ज करने, आरोपियों को गोली मारने या घायल करने वाले पुलिस कर्मियों को रोकने के लिए कदम उठाए। इसके लिए कोर्ट पुलिस को खुद में सुधार करने का निर्देश देने पर विचार कर सकता है, जो राज्य में नियमित घटना बन गई है।

### यूपी में बिजली संकट- सरकार समस्या का कारण बताने के लिए नहीं, निवारण के लिए होती है : अखिलेश

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच यूपी में बिजली की किल्लत और पावर कट के लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री का नाम लिए बिना बिजली संकट का मसला उठाते हुए कहा कि सरकार समस्या का कारण बताने के लिए नहीं, निवारण के लिए होती है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने शनिवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा द्वारा कुछ विद्युत उत्पादन इकाइयों के तकनीकी कारणों से बंद किये जाने की सूचना ट्विटर पर दिये जाने का अंश संलग्न करते हुए एक ट्वीट किया है। इस ट्वीट में उन्होंने कहा, सरकार समस्या का कारण बताने के लिए नहीं, निवारण के लिए होती है।

## हमने 1450 क़ानूनों को खत्म किया, न्याय की भाषा लोगों की समझ में हो : मोदी

### सीएम-जजों के सम्मेलन में पीएम का उद्बोधन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज़ादी के 75 सालों ने न्यायपालिका और कार्यपालिका दोनों के ही भूमिका और जिम्मेदारियों को निरंतर स्पष्ट किया है। जहां जब भी जरूरी हुआ, देश को दिशा देने के लिए ये संबंध लगातार विकसित हुआ है। यह बात पीएम मोदी ने शनिवार को विज्ञान भवन में राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेते हुए कही। इस दौरान दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल, छत्तीसगढ़ सीएम भूपेश बघेल, असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, अरुणाचल प्रदेश सीएम पेमा खांडू, मेघालय सीएम कोनराड संगमा और पंजाब सीएम भगवंत



मान ने विज्ञान भवन में राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन में शामिल हुए। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि संविधान की इन दो धाराओं का ये संगम, ये संतुलन देश में प्रभावी और समयबद्ध न्याय व्यवस्था का रोडमैप तैयार करेगा। राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों का ये संयुक्त सम्मेलन हमारी संवैधानिक खूबसूरती का सजीव चित्रण है। हमारे देश में जहां एक ओर ज्यूडिशरी की भूमिका का संविधान संरक्षक की है वहीं विधान मंडल नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है।

उन्होंने कहा कि 2047 में जब देश अपनी आज़ादी के 100 साल पूरे करेगा, तब हम देश में कैसी न्याय व्यवस्था देखना चाहेंगे? हम किस तरह अपने न्याय व्यवस्था को इतना समर्थ बनाएं कि वो 2047 के भारत की आकांक्षाओं को पूरा कर सके, उन पर खरा उतर सके, ये प्रश्न आज हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। आज का सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। पीएम ने कहा कि भारत सरकार न्याय व्यवस्था में तकनीकी की संभावनाओं को डिजिटल इंडिया मिशन का एक जरूरी हिस्सा मानती है। उदाहरण के तौर पर, ई-कोर्ट परियोजना को आज मिशन मोड में लागू किया जा रहा है।

## समुद्र के किनारे मिली ढेरों गुडिया, वैज्ञानिक हुए हैरान

**टेक्सास।** गुड्डे-गुड़िया यूं बच्चों को खेलने की चीजें हैं, मगर फिल्मों में अक्सर उन्हें खौफनाक और भूतों से जोड़कर दिखाया जाता है। इसमें गुड़िया को लेकर लोगों में काफी डर भी बैठ गया है। जब गुड़िया विचित्र जगहों पर दिख जाती हैं, तब डर और भी ज्यादा बढ़ता है, क्योंकि तब लोग उस काले जादू से जोड़कर देखने लगते हैं। हाल ही में कुछ वैज्ञानिकों को दर्जनों गुड़िया समुद्र के किनारे देखने को मिलीं यह देखकर उनके होश उड़ गए।



अमेरिका के टेक्सास में कुछ वैज्ञानिक बीच पर सैर करने गए थे, जब उन्हें खौफनाक गुड़िया दिखाई दीं। उन्हें देखकर वैज्ञानिक इतना हैरान हो गए कि उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव के बारे में भी शेयर किया है। प्रोफेसर जेस टनल ने बताया कि वहां गोल्फ कोस्ट बीच हफ्ते में दो बार तो जाते ही हैं, वहां उन्हें पिछले कुछ वक्त से खौफनाक गुड़िया दिख जा रही हैं।

उन्हें खुद इस बात से हैरानी है कि समुद्र से बहकर इतनी सारी गुड़िया कैसे वहां पहुंच जा रही हैं। या फिर कोई उन्हें वहां छोड़ जा रहा है। उन्होंने बताया कि वहां और उनके साथी समुद्र किनारे कोई विज्ञान से जुड़ा काम करने जाते हैं, मगर वहां गुड़िया देखकर दंग रह गया। अब तक उन्हें 30 से ज्यादा गुड़िया मिल चुकी हैं। सबसे पहली गुड़िया उन्हें जनवरी 2021 में मिली थी जो एक एडल्ट डॉल थी। उस डॉल का सिर्फ सिर था, जिसे उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट किया था। विचित्र बात ये रही कि उस गुड़िया का सिर खरीदने के लिए एक आदमी ने 2600 रुपये दिए थे। इस रुपये को उन्होंने समुद्र में रेस्क्यू प्रोग्राम में दान दे दिया था। अब वहां बाकी की गुड़िया को भी बेचकर पैसे जुटाएंगे और उस किसी प्रोग्राम में दान दे दूंगा। उन्होंने कहा कि लोगों में इस तरह की गुड़िया का काफी क्रेज होता है।

न्यूज़ ट्रैक....



फिलीपींस के मनीला में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2022 में इंडोनेशिया के प्रवीण जॉर्डन/मेलाती देवा ओक्ताविंती और जापान की यामाशिता क्योहेई/शिनोया नारू के बीच मिश्रित युगल क्वार्टरफाइनल मैच के दौरान अंक लेने के बाद इंडोनेशिया के प्रवीण जॉर्डन/मेलाती डेवा ओक्टाविएन्टी (आर) जश्न मनाते हुए।

# राष्ट्रीय पेरा टेबल-टेनिस स्पर्धा में देवयानी वाल्हे बनी राष्ट्रीय विजेता

**इन्दौर ।** टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में भारतीय पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन तथा म.प्र. टेबल टेनिस संगठन द्वारा स्थानीय अभय प्रशाल में आयोजित पेरा राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा में महिला एकल वर्ग 10 के फायनल मुकाबले में मध्य प्रदेश की देवयानी वाल्हे ने महक कौर (हरियाणा) को कडे संघर्ष में 3-2 से परास्त कर अपने वर्ग में राष्ट्रीय विजेता का खिताब जीता।



इसके पूर्व महिला वर्ग 10 में खेले गए सेमीफायनल मुकाबलों में देवयानी ने सरन्या गोयल (राजस्थान) को 3-0 से, महक ने अनुराधा सोलंकी (महाराष्ट्र) को 3-0 से हराकर फायनल मुकाबलों में प्रवेश किया। अन्य वर्गों के क्वार्टर फायनल मुकाबलो में पुरूष वर्ग के क्वार्टर फायनल मुकाबलों में वर्ग 4 में जसवंत चैधरी (गुजरात) ने दीपक कुमार (दिल्ली) को 3-0 से, योगेश डागर (हरियाणा) ने ध्रुव चूग (गुजरात) को 3-0 से, त्रिवेन्द्र सिंह (दिल्ली) ने योगेश सुरेखा (वेस्ट बंगाल) को 3-0 से, रमेश चौधरी (गुजरात) ने सोनु गुप्ता (दिल्ली) को 3-0 से, सुमीत सेगल (हरियाणा) ने बसन गोंन्डा पाटील (कर्नाटका) को 3-0 से, वर्ग 3 में गनन भारती (तमिलनाडू) ने जिगर चंपनेरी (गुजरात) को 3-0 से, शशि कुमार (पंजाब) ने पी.स्वर्ण कुमार (तमिलनाडु) को 3-1 से, अंशुल अग्रवाल (उत्तर प्रदेश) ने विवेकानंद सिंह (बिहार) को 3-0 से हराकर सेमीफायनल में प्रवेश किया। वहीं महिला एकल क्वार्टर फायनल मुकाबलों में वर्ग 9 में अर्पिता बेन मकवाना (गुजरात) ने सुमन (राजस्थान) को 3-1 से, उषा राठौर (गुजरात) ने प्रेमा पी (तमिलनाडु) को 3-0 से, ललीता गावस (कर्नाटका) ने तसनिम फातिमा (दिल्ली) को 3-0 से मात दी।

## कोहली को फार्म वापिसी के लिए खुलकर खेलना होगा : युवी



**मुंबई)।** विराट कोहली इनदिनों अपने क्रिकेट करियर के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। न तो इंटरनेशनल क्रिकेट और न ही आईपीएल में उनका बल्ला चल रहा है। उन्होंने लीग के सीजन में अभी तक 9 मैच में 16 की औसत से 128 रन बनाए हैं। वहां एक भी अर्धशतक नहीं जड़ सके हैं। उनके इस प्रदर्शन को देखकर फैंस, क्रिकेट के जानकर सब परेशान हैं।सबका एक ही सवाल है कि आखिर कब कोहली के बल्ले से रन बरसने शुरु हो। पूर्व भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह का मानना है कि जल्द ही कोहली वापसी करने वाले हैं, बस, इसके लिए उन्हें पहले की तरह खुलकर बल्लेबाजी करनी होगी। युवराज सिंह ने कहा कि कोहली को अपनी खोई फॉर्म हासिल करने के लिए अपने शुरुआती दिनों को देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोहली का वर्क एथिक बीते 15 साल में आए किसी भी एथलीट से चार गुना बेहतर है और इसी के जरिए वहां अपने खराब फॉर्म से बाहर निकलने वाले है। यूवी ने माना कि कोहली की फॉर्म इस वक्त अच्छी नहीं है। लेकिन वहां अभी भी रन बना रहे हैं, जाहिर है, वह भी खुश नहीं है, और लोग भी नहीं। क्योंकि हमने उन्हें बेंचमार्क यानी शतक पर शतक लगाते नहीं देखा है। लेकिन, यह दुनिया के बेस्ट खिलाड़ियों के साथ ही होता है।

### पंजाब एफसी के कोच बने एंगेलकेस

**कोलकाता ।** फुटबॉल टीम पंजाब एफसी ने नीदरलैंड के एड एंगेलकेस को टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। इससे पहले इस आईलीग टीम ने इंग्लैंड के एश्ले वेस्टवुड को कोच पद से हटा दिया था। एंगलकेस ने नीदरलैंड के शीर्ष फुटबॉल क्लबों एएफसी अजाक्स और एजेड अल्कमार तथा रॉयल डच फुटबॉल एसोसिएशन (केएनवीबी) के साथ कई साल तक काम किया है। इसके साथ ही वह विभिन्न फुटबॉल संस्थानों से भी जुड़े रहे हैं। वहीं पंजाब एफसी फुटबॉल निदेशक निकोलास टोपोलियाटिस ने कहा , हमारे पास एंगेलकेस के रूप में अब एक अनुभवी कोच है, जो हमारे लक्ष्यों को अच्छी तरह से जानते हैं। उनके मार्गदर्शन में हमें आई-लीग में निरंतर आगे बढ़ने की उम्मीदें हैं।

### किर्गियोस ने कोस्टीन से सगाई की

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने अपनी प्रेमिका कोस्टीन हत्जी के साथ सगाई की है। किर्गियोस ने 21 वर्षीय हत्जी के साथ जश्न मनाते की एक रोमांटिक फोटो इंस्टाग्राम पर साझा की। इसमें हत्जी की अंगुली में एक अंगूठी दिख रही है। किर्गियोस ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर साझा की है उसमें वह हत्जी को बांहों में लिए हुए हैं। उन्होंने तस्वीर पर एक पैडलॉक इमोजी और डायमंड रिंग इमोजी भी दी है। साथ ही उन्होंने लिखा है, माई बेब। हत्जी ने लिखा, मैं अब तक मिले सबसे अविश्वसनीय इंसान को बधाई देती हूं। मैं अपने लिए बहुत भाग्यशाली हूं और आपने मेरे लिए जो कुछ भी किया है उसके लिए हमेशा आभारी हूं। आपकी निस्वार्थता और देखभाल बेजोड़ है। शादी की योजना की ओर इशारा करते हुए हत्जी ने कहा, मैं तुम्हारे साथ जीवन बिताने और एक साथ दुनिया घूमने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती।

## क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल कराने का प्रयास कर रही आईसीसी

**मेलबर्न ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा है कि ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल कराने का प्रयास इसलिए किया जा रहा है ताकि इस खेल को दुनिया भर में पहुंचाया जा सके। आईसीसी का लक्ष्य है कि जिन देशों में यह खेल लोकप्रिय नहीं है वहां इसका प्रसार किया जाये। बर्मिंघम में 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में महिला टी 20 क्रिकेट की शुरुआत के बाद से ही आईसीसी ने इस खेल को ओलंपिक में शामिल करने के लिए प्रयास जारी कर दिये हैं। कुआलालंपुर में 1998 के राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता पहले ही हो गयी है। एलार्डिस ने एक कार्यक्रम में कहा कि हमारे कई सदस्यों का मानना है ओलंपिक खेल के रूप में क्रिकेट को पहचान मिलने से सरकार और राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ जुड़ाव और बेहतर होगा। यह सुविधाओं और प्रदर्शन को बेहतर करने के मामले में वास्तव में लाभप्रद रहेगा। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए यह निश्चित रूप से पैसा बनाने का प्रयास नहीं है। हमारी कोशिश इस खेल को ऐसे जगह पहुंचाने की है, जहां यह लोकप्रिय नहीं है। साथ ही कहा, ' हमारा दूसरा लक्ष्य हमारे सभी 106 सदस्यों को सरकार के साथ करीब से जुड़ने का मौका देना है। आईसीसी के इस शीर्ष अधिकारी ने कहा कि ओलंपिक का हिस्सा बनना कई सदस्य देशों के लिए संबंधित सरकारों के साथ अच्छे संबंध बनाने की नजर से जरूरी है। उन्होंने कहा, 'कुछ देशों में ओलंपिक में शामिल खेल गैर ओलंपिक खेल की तुलना में अपनी सरकार के अधिक करीब रहते हैं।

## मुंबई को हराकर जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी राजस्थान

**नवी मुंबई ।** राजस्थान रॉयल्स की टीम शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। रॉयल्स की टीम ने पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं और उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। रॉयल्स की टीम अंकतालिका में गुजरात टाइटंस के बाद दूसरे स्थान पर है और अब तक उसने आठ में से छह मैच जीते हैं। वहीं दूसरी और मुंबई की टीम सभी आठ मैच हारने के साथ ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। रॉयल्स इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है क्योंकि उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं। टीम के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर और देवदत्त पडिक्कल अच्छे फॉर्म में चल रहे हैं। बटलर ने अब तक तीन शतक लगाये हैं और इस बल्लेबाज पर अंकुश लगाना मुंबई के गेंदबाजों के लिये आसान नहीं रहेगा। वहीं पडिक्कल टीम को अच्छी शुरूआत देने के इरादे से उतरेंगे। कप्तान संजू सैमसन और शिमरोन हेटमायेर भी मैच विजेता खिलाड़ी हैं। पिछले मैच में नाबाद 56 रन बनाने वाले युवा रियान पराग और डेरिल मिशेल के रहते रॉयल्स का मध्यक्रम भी अच्छा है। गेंदबाजी में भी रॉयल्स पीछे नहीं है। उसके तेज गेंदबाज और स्पिनर अच्छा फॉर्म में हैं। अनुभवी आर अश्विन के अलावा उसके पास युजवेंद्र चहल जैसा स्पिनर है। चहल ने अब तक सबसे ज्यादा 18 विकेट लिए हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और प्रसिद्ध कृष्णा भी विरोधी टीम पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं। वहीं दूसरी ओर मुंबई की टीम अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कप्तान रोहित शर्मा सहित अधिकतर खिलाड़ी उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पा रहे। युवा ईशान किशन भी अब तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाये हैं। केवल सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर टीम एक ईकाई के तौर पर नहीं खेल पायी है। टीमें इस प्रकार हैं-

**मुंबई इंडियन्सः** रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिंह, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, बासिल थम्पी, ऋतिक शौकीन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, रिले मेरेडिथ, टाइमल मिल्स, अरशद खान, डेनियल सैम्स, डेवाल्ड ब्रेविस, फैबियन एलन, कीरोन पोलार्ड, संजय यादव, आर्यन जुयाल और इशान किशन.

**राजस्थान रॉयल्सः** यशस्वी जायसवाल, रियान पराग, शुभम गढ़वाल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव, कुलदीप सेन, तेजस बरोका, अनुनय सिंह, केसी करियप्पा, संजू सैमसन, जोस बटलर, रेसी वान डेर डुसेन, नाथन कूल्टर नाइल, जिमी नीशाम, डेरिल मिशेल, करुण नायर, ओबेद मैकॉय, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, शिमरोन हेटमायर, देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा और युजवेंद्र चहल।

## गावस्कर ओर पीटरसन ने राहुल को सराहा

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल स्वाभाविक खेल खेलते हैं। राहुल ने यह साबित किया है कि तेजी से रन बनाने के लिए नये शॉट खेलने की जरुरत नहीं है। राहुल ने आईपीएल के इस सत्र में अबतक दो शतक लगाये शतक लगा चुके हैं। वह 368 रन के साथ ही राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर के बाद इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। गावस्कर ने कहा, '' वह शानदार प्रदर्शन कर रहा है। राहुल की बल्लेबाजी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि उनकी शैली में कुछ भी बनावटीपन नहीं है। वह जो भी शॉट खेलते हैं वह स्वाभाविक शॉट होता है।'' गावस्कर के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भी राहुल की जमकर तारीफ की है। पीटरसन ने कहा, ''राहुल के पास हर तरह के शॉट हैं। वह गेंद को मैदान की किसी भी दिशा में मार सकते हैं। वह ऐसा बल्लेबाज है जिसे आप कभी भी बल्लेबाजी करते हुए देखना पसंद करेंगे।'' इसके अलावा पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी राहुल की तारीफ करते हुए कहा कि वह हालातों के अनुसार खेलते हैं।

## व्यापार न्यूज

### चिप की कमी से हीरो इलेक्ट्रिक अप्रैल में डीलरों को नहीं भेज पाई वाहन

**नई दिल्ली ।** बिजली से चलने वाले दो पहिया वाहन बनाने वाली हीरो इलेक्ट्रिक ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर की कमी के कारण अप्रैल माह में उसने डीलरों को कोई वाहन नहीं भेज पाई। हीरो इलेक्ट्रिक ने कहा कि कंपनी को चिप की बहुत अधिक कमी का सामना करना पड़ रहा है और आपूर्ति व्यवस्था में समस्या भी लगातार बनी हुई है। वाहन उद्योग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिप की कमी के संकट का सामना कर रहा है जिसका असर उत्पादन पर पड़ रहा है। हीरो इलेक्ट्रिक को भी इन्हीं दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिनकी वजह से वह अप्रैल 2022 में डीलरों को कोई वाहन नहीं भेज सकी है। कंपनी ने कहा कि इससे ग्राहकों के लिए इंतजार सूची बढ़कर 60 दिन से अधिक हो गई है और डीलरों के पास ग्राहकों को दिखाने के लिए अब कोई वाहन नहीं है। हीरो इलेक्ट्रिक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मासिक आधार पर हमारी बिक्री लगभग दोगुनी हो रही थी और हमने किसी तरह विभिन्न क्षेत्रों से बंदोबस्त कर लिया लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है जिससे यह व्यवधान उत्पन्न हुआ है। बिजली से चलने वाले स्कूटरों में आग लगने की हाल की घटनाओं के बारे में उन्होंन कहा कि सभी कंपनियों को आत्मावलोकन करना चाहिए और अपनी डिजाइन तथा गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लगातार प्रयास करने चाहिए जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों में विश्वास बना रहे।

### मुंबई में महंगे आवासों की बिक्री बढ़कर 20,255 करोड़ पहुंची

**मुंबई ।** मुंबई में 10 करोड़ रुपए से अधिक कीमत के घरों की बिक्री वर्ष 2021 में दोगुना बढ़कर 20,255 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। आवासीय ऋण पर ब्याज दरों के कम होने और बड़े फ्लैटों की मांग बढ़ने से बिक्री में यह तेजी आई है। एक साझा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, मुंबई में एक साल पहले 2020 में नए घरों और पुराने घरों समेत कुल 9,492 करोड़ रुपए की महंगी आवासीय संपत्तियों की बिक्री हुई थी। कैलेंडर वर्ष 2021 में मुंबई में कुल 1,214 महंगी आवासीय इकाइयां बिकी थीं जबकि 2020 में यह संख्या महज 548 थी। मुंबई के वर्ली, लोअर परेल, बांद्रा, ताड़देव, प्रभादेवी और अंधेरी जैसे इलाकों में महंगी आवासीय संपत्तियों की बिक्री अधिक हुई। मुंबई के कुल लग्जरी आवास खंड में अकेले वर्ली की हिस्सेदारी करीब 20 फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2021 में मुंबई के प्राथमिक बाजार (नए घरों की बिक्री) में 13,549 करोड़ रुपए में 848 इकाइयां बिकीं।

## कोरोना से हुए नुकसान से भारतीय अर्थव्यवस्था को उबरने में लगेंगे 15 साल : वित्त रिपोर्ट

### डिजिटलीकरण, ई-कॉमर्स स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं से सुधर सकती है आर्थिक विकास दर



**नई दिल्ली ।** भारतीय ?रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वित्त वर्ष 2021-22 के लिए मुद्रा और वित्त रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कोरोना से हुए नुकसान से उबरने में 15 साल लग सकते हैं। हालांकि बैंक ने यह स्पष्ट नहीं ?किया है ?कि उसकी अपनी नहीं बल्कि रिपोर्ट तैयार करने वाले बैंक के अंशधारकों की राय है। यह अंशधारक आरबीआई के आर्थिक एवं नीति शोध विभाग के सदस्य भी हैं। रिपोर्ट के मुता?बिक अगर हम 2020-21 की वास्तविक वृद्धि दर -6.6 फीसदी, 2021-22 की 8.9 फीसदी, 2022-23 की अनुमानित वृद्धि दर 7.2 फीसदी व उसके बाद 7.5 फीसदी की विकास दर को देखें तो ऐसा प्रतीत होता है कि भारत 2034-35 में ही कोविड-19 के कारण हुए नुकसानों से बाहर निकल पाएगा। पूंजीगत खर्च पर सरकार के जोर, डिजिटलीकरण, ई-कॉमर्स स्टार्टअप, रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में निवेश की बढ़ती संभावनाओं के कारण भारत की आर्थिक विकास दर पटरी पर लौट सकती है। इस रिपोर्ट में सार्वजनिक खर्च बढ़ाकर स्किल इंडिया मिशन के जरिए श्रम की गुणवत्ता सुधारने के सुझाव भी दिए गए हैं। 2022-23 के बाद से भारत की आर्थिक विकास दर के 7.5 फीसदी की वृद्धि से बढ़ने का अनुमान बहुत सटीक नहीं लगता है। आईएमएफ की रिपोर्ट में वित्त वर्ष 24 में भारत की अनुमानित विकास दर को 6।9 फीसदी रखा गया है जबकि आरबीआई की मौद्रिक नीति रिपोर्ट में इसके 6।3 फीसदी रहने का अनुमान है। इसके अलावा कई अर्थशास्त्रियों ने इसे 6 फीसदी पर रखा है।

रिपोर्ट के अनुसार आर्थिक गतिविधियां दो साल बाद भी मुश्किल से कोविड-19 के पहले वाले स्तर पर पहुंच पाई हैं। भारत की आर्थिक रिकवरी न केवल महामारी का प्रहार झेल रही है बल्कि इसके सामने कई संरचनात्मक चुनौतियां भी हैं। इसके अलावा रूस एवं यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध ने भी आर्थिक पुनरुद्धार की रफ्तार को कमजोर कर दिया है। युद्ध के कारण जिंसों के दाम बढ़ने, वैश्विक आर्थिक परिदृश्य कमजोर होने और कठोर वैश्विक वित्तीय

### एसबीआई कार्ड का मुनाफा बढ़कर 581 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।** क्रेडिट कार्ड कंपनी एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) का मुनाफ मार्च में समाप्त तिमाही में तिगुने से भी अधिक होकर 580.86 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एसबीआई कार्ड्स ने शेयर बाजारों को यह सूचना देते हुए कहा कि पिछले वर्ष की समान तिमाही में उसे 175.42 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। जनवरी से मार्च के बीच कंपनी की कुल आय बढ़कर 3,016.10 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 2,468.14 करोड़ रुपए थी। एसबीआई कार्ड्स की ब्याज से प्राप्त आय भी पिछले साल के 1,082.42 करोड़ रुपए से बढ़कर समीक्षाधीन तिमाही में 1,266.10 करोड़ रुपए हो गई। शुल्क और कमीशन से प्राप्त आय भी 1,426.81 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वर्ष समान अवधि में 1,113.81 करोड़ रुपए थी। समूचे वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान एसबीआई कार्ड्स का मुनाफा 64 फीसदी बढ़कर 1,616.14 करोड़ रुपए हो गया जबकि वित्त वर्ष 2020-21 में यह

### कोरोमंडल इंटरनेशनल को 183 करोड़ का मुनाफा

**चेन्नई ।** कृषि एवं फसल सुरक्षा संबंधी समाधान प्रदान करने वाली कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड का एकीकृत का मुनाफा वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में बढ़कर 183 करोड़ रुपए हो गया। कोरोमंडल ने बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 156 करो? रुपए था। वहीं 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 1,412 करो? रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में 1,313 करो? रुपए था। इसके अलावा बीते वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में कंपनी की परिचालन आय उछलकर 4,294 करो? रुपए हो गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 2,860 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 में उसकी परिचालन आय एकल आधार पर 19,231 करोड़ रुपए रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 14,231 करो? रुपए थी। कोरोमंडल के प्रबंध निदेशक समीर गोयल ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, कृषि क्षेत्र ने रिकॉर्ड खाद्यान्न संरक्षण और कृषि निर्यात के साथ एक मजबूत प्रदर्शन किया।

## शेयर बाजार साप्ताहक समीक्षा

### बीते सप्ताह उतार-चढ़ाव के बीच सपाट बंद हुआ बाजार

**मुंबई ।** रूस-यूक्रेन युद्ध की अनिश्चितता और आगामी नीति में यूएस फेड द्वारा आक्रामक ब्याज दरों में वृद्धि से पहले अस्थिर वैश्विक बाजारों के बीच बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार भारी उतार-चढ़ाव के बीच सपाट स्तर पर बंद हुआ। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में पूरे सप्ताह सोमवार से लेकर शुक्रवार तक उतार-चढ़ाव भरा कारोबार दिखाई दिया। पिछले सप्ताह पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स 785 अंक गिरकर 56,412.14 पर खुला और 617.26 अंक की गिरावट के साथ 56,579.89 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी भी 243.35 अंक गिरकर 16,928.60 पर खुला और 218 अंक की गिरावट के साथ 16,953.95 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 657.67 अंक बढ़कर 57,237.56 पर खुला और 776.72 अंक की बढ़त के साथ 57,356.61 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 204.35 अंक बढ़कर 17,158.30 पर खुला और 246.85 अंक की बढ़त के साथ 17,200.80 पर बंद हुआ। कमजोर वै?श्विक संकेतों से बुधवार को सेंसेक्स 495.77 अंक गिरकर 56,860.84 पर खुला और 537.22 अंक का गोता लगाकार 56,819.39 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 144.15 अंक टूटकर 17,056.65 पर खुला और 162.40 अंक टूटकर 17,038.40 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 477.05 अंक बढ़कर 57,296.44 पर खुला और 701.67 अंक उछलकर 57,521.06 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 151.1 अंक उछलकर 17,189.50 पर खुला और 206.65 अंक चढ़कर 17,245.05 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 296.45 अंक बढ़कर 57,817.51 पर खुला और 460.19 अंक टूटकर 57,060.87 पर बंद हुआ। जबकि एनएसई निफ्टी 99.3 अंक उछलकर 17,344.35 पर खुला और 142.50 अंक टूटकर 17,102.55 अंक पर बंद हुआ।

### इरडा ने बीएफएसआई में बीमा कंपनियों की निवेश सीमा 30 प्रतिशत की

**नई दिल्ली ।** भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने बैंक, वित्तीय एवं बीमा क्षेत्र (बीएफएसआई) में बीमा कंपनियों के निवेश सीमा को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया। आईआरडीएआई ने एक परिपत्र में कहा कि बीमा कंपनियों को अपने कोष से बेहतर रिटर्न पाने के लिए अधिक लचीलापन प्रदान करने के मकसद से निवेश सीमा बढ़ाई जा रही है। इस परिपत्र के मुताबिक प्राधिकरण सभी बीमा कंपनियों को निवेश संपत्ति के 30 प्रतिशत तक हिस्से को वित्तीय और बीमा क्षेत्र में निवेश करने की अनुमति देता है।

## सेमीकंडक्टर और बैटरियां भी खुद बनाएगी टाटा कंपनी

**मुंबई ।** सेमीकंडक्टर की कमी के चलते गाड़ियों की लंबी वेटिंग को देखते हुए टाटा ने एक बड़ा फैसला किया है कि वह सेमीकंडक्टर बनाएगी। टाटा मोटर्स ने घोषणा की कि वह अपने पोर्टफोलिया में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ाने की योजना बना रही है, इसके लिए कंपनी ने अविन्या के कॉन्सेप्ट से पर्दा उठाया है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि कंपनी बैटरी और सेमीकंडक्टर बनाने में निवेश बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। जब देश में ही बड़े लेवल पर सेमीकंडक्टर और बैटरियां बनेंगी तो इससे कीमतों में गिरावट भी देखी जा सकती है। आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक गाड़ियां ही कार कारोबार को मजूबत करेंगी। पिछले कुछ सालों में इसमें तेजी देखने को मिली है। उन्हें उम्मीद है कि 2030 तक कंपनी के पोर्टफोलियो में करीब 30 फीसदी सेल इलेक्ट्रिक कारों की होगी। उन्होंने अविन्या यानी नवाचार के बारे में बताते हुए कहा कि इसकी लॉन्चिंग 2025 में होगी। इसके जरिए गाड़ियों का माइलेज बढ़ जाएगा और सिर्फ एक ही चार्ज में गाड़ी 500 किलोमीटर तक चलेगी। यह पहला पूरी तरह से इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म होगा, जो गाडियों को एक नया स्टाइल और लुक भी देगा।

उनके अनुसार कंपनी के लिए वैश्विक बाजार में बहुत मौके हैं, ऐसे में टाटा ग्लोबल बेंचमार्क को ध्यान में रखते हुए ही गाड़ियों को डिजाइन कर रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बैटरियां बनाने की योजना बन चुकी है और जल्द ही वह बैटरियां बनाने की पहल को शुरू करने वाले हैं। टाटा ग्रुप की योजना है ?कि वह इलेक्ट्रिक व्हीकल के प्रोजेक्ट में तमाम इन-हाउस कंपनियों को भी शामिल करेगा। टाटा मोटर्स के अलावा इस प्रोजेक्ट में टीसीएस, टाटा पावर, टाटा कैमिकल्स और टाटा एलक्सी जैसी कंपनियों को भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनाया जाएगा। अविन्या के बारे में और बोलते हुए टाटा मोटर्स के एमडी शैलेश चंद्र ने कहा कि ये कारें नई तकनीक, सॉफ्टवेयर और आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के साथ आती हैं। टाटा मोटर्स अभी नेक्सन और टिगोर का इलेक्ट्रिक वर्जन बेचती है, जो पेट्रोल और डीजल वैरिएंट में भी उपलब्ध हैं।

# कोविड नहीं होता तो जल्द अपने लिए नया पार्टनर देखती: लीना जुमानी



टीवी का पॉपुलर शो कुमकुम भाग्य एक्ट्रेस लीना जुमानी कुछ समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं. साल 2015 में लीना ने अनाउंस किया था कि उन्होंने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड राहुल सचदेव से सगाई कर ली है जो कि एक यूएस में बिजनेसमैन हैं. लीना ने बताया था कि दोनों ने 3 साल के रिलेशनशिप के बाद साल 2014 में सगाई कर ली थी. हालांकि दोनों की शादी की डेट फाइनल नहीं हुई थी. अब खबर आ रही है कि लीना ने अपनी सगाई तोड़ दी है. रिपोर्ट के मुताबिक लीना ने सगाई के 5 साल बाद इसे तोड़ दिया है. दोनों वैसे 1 साल पहले ही अलग हो गए थे, लेकिन अब फाइनली एक्ट्रेस ने सगाई तोड़ दी है. लीना ने अपने इस फैसले की वजह बताते हुए कहा कि दोनों के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा था. लीना ने कहा, 'हां, मैं और राहुल अब साथ नहीं हैं. साल 2014 में हमने सगाई की थी और शादी करना चाहते थे, लेकिन चीजें ठीक नहीं हुई. मैं इस बारे में नहीं बताना चाहती कि क्या गलत हुआ हमारे बीच. मैं चाहती हूं कि वह जहां भी रहें खुश रहें.' लीना से जब पूछा गया कि क्या सगाई के बाद शादी को लेकर जो ये लंबा गैप होता है ये सही नहीं है? तो एक्ट्रेस ने कहा, 'ये निर्भर करता है कि आपके पार्टनर के साथ कैसी इक्वेशन है. अगर सब ठीक है तो आप शादी क्यों नहीं करोगे? अगर चीजें ठीक नहीं है तो फिर कुछ अच्छा नहीं होगा.' दोबारा रिलेशनशिप में आने के सवाल पर लीना ने बताया कि वह अपने लिए पार्टनर देखना चाहेंगी, लेकिन अभी उन्हें कोई जल्दी नहीं है. उन्होंने कहा, 'मेरे पैरेंट्स चाहते हैं कि मैं सैटल हो जाऊं, लेकिन मैं अभी अपना सिंगर स्पेस एंजॉय कर रही हूं. हम सभी अभी महामारी से परेशान हैं और अगर कोविड नहीं होता तो मैं जल्दी अपने लिए किसी को देखती.' लीना अभी हाल ही में वेब सीरीज पारो में नजर आई थीं जो ओटीटी प्लैटफॉर्म उल्लू में नजर आई थीं।

## अनीशा मधोक दिल मंगदी के साथ सिंगिंग में करेंगी डेब्यू



भारतीय-अमेरिकी अभिनेत्री अनीशा मधोक पंजाबी गायक जसबीर जस्सी के बीत दिल मंगदी के साथ सिंगिंग में अपना डेब्यू किया है। गाने को यूट्यूब पर जारी कर दिया गया। जहां जसबीर में गाने में पंजाबी पंक्तियों को अपनी आवाजें दी हैं, वहीं अनीशा ने फारसी शब्दों को गाया है। अनीशा ने बताया, चूंकि मुझे फारसी अच्छे से आती है, तो मैंने सोचा कि बेहतर होगा कि मैं फारसी के इसके बोल लिख लूं। मैंने अपनी कविताओं से प्रेरणा ली हैं। इसमें पंजाबी और मिडिल ईस्ट दोनों का मिश्रण है। मैं निश्चित हूं कि यह लोगों को जरूर पसंद आएगी। वह आगे कहती हैं, गाने को गोवा में फिल्माया गया है और मुझे इस बात की खुशी है कि इस म्यूजिक वीडियो के जरिए एक एक्टर, डांसर, सिंगर और राइटर के रूप में मुझे अपनी काबिलियत को दिखाने का मौका मिला है। अनीशा जल्द ही बुली हाई के साथ हॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली हैं।

## फिट रहने जैकलीन कर रही योगा




बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस योगा करती नजर आ रही हैं। वो भी अपने क्यूट पार्टनर के साथ। उनका ये वीडियो तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। वीडियो में जैकलीन फर्नांडिस को योगा करते देखा जा सकता है और इसमें उनका साथ दे रही है उनकी कैट। वीडियो शेयर करते हुए जैकलीन ने इसे कैट योगा का नाम दिया है। जैकलीन की बिल्ली उनके इर्द-गिर्द घूमती नजर आ रही है। जब एक्ट्रेस योगा करने लगती हैं, तो बिल्ली कभी उन्हें निहारती रहती है तो कभी उनके पास खड़ी हो जाती है। एक्ट्रेस का ये वीडियो उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है। कई यूजर्स ने कमेंट करते हुए जैकलीन की तारीफ की है। बीते दिनों जैकलीन जानवरों की देखभाल करने को लेकर चर्चा में थीं। एक्ट्रेस कई बार जानवरों के प्रति अपने प्यार को साबित कर चुकी हैं। अब जब कोरोना काल में आवारा पशुओं को भोजन नहीं मिल रहा है तो जैकलीन एक संस्था के साथ मिलकर ऐसे पशुओं की देखरेख में जुटी हैं। जैकलीन ने सोशल मीडिय पर कई तस्वीरें भी शेयर की थीं, जिसमें वह कुत्ते-बिल्लियों को दुलारती नजर आईं। इसके लिए जैकलीन ने हाल ही में योलो फाउंडेशन की शुरुआत की है। खास बात ये है कि इस फाउंडेशन का सारा भार जैकलीन ने अपने कंधों पर उठा रखा है।

# प्रभास अभिनीत सालार में जॉन अब्राहम खलनायक के किरदार में आ सकते हैं नजर



दिग्गज अभिनेता प्रभास की मौजूदगी से ही किसी फिल्म का महत्व बढ़ जाता है। इस अभिनेता ने अपने अभिनय और एक्शन से प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। प्रभास इस साल अपनी पैन इंडिया फिल्म सालार को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म के लिए बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम को अप्रोच किया गया है। खबरों की मानें तो जॉन इस फिल्म में खलनायक के किरदार में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रभास की फिल्म सालार में जॉन को खलनायक की भूमिका के लिए कास्ट किया जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की टीम ने जॉन से मुलाकात की है। मेकर्स द्वारा फिल्म की पटकथा जॉन को सुनाई गई है। खबरों की मानें तो जॉन की फीस और शूटिंग शेड्यूल को निर्धारित करने के लिए बातचीत चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म के लिए जॉन को खलनायक का किरदार पसंद आया है। बताया जा रहा है कि यह इस फिल्म का काफी मजबूत किरदार है। अभी तक जॉन ने इस फिल्म को साइन नहीं किया है। यह फिल्म एक बड़ा प्रोजेक्ट है, जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। सालार का निर्देशन प्रशांत नील कर रहे हैं, जो कन्नड़ की हिट फिल्म सीरीज केएफजी का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म की कहानी से संबंधित अधिक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह एक एक्शन थ्रिलर मूवी होगी। फिल्म में प्रभास के अपोजिट अभिनेत्री श्रुति हासन को मुख्य भूमिका में देखा जा सकता है। इसके पहले शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में हुई है और हालात सामान्य होते ही फिल्म के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो जाएगी। अभिनेत्री राम्या कृष्णन सालार में प्रभास की बड़ी बहन की भूमिका निभा सकती हैं। यह फिल्म अगले साल 14 अप्रैल को रिलीज होगी। इसे हिन्दी, तमिल और मलयालम भाषाओं में भी डब किया जाएगा। सालार को एक बड़े बजट की फिल्म माना जा रहा है।



## भूमि संरक्षण का संकट

पर्यावरण वैज्ञानिकों के सामने इस वक्त एक बड़ी चिंता आर्द्रभूमि (वेटलैंड) के संरक्षण को लेकर उभरी है। धरती के पर्यावरण में नम या आर्द्र भूमि की अहमियत वैसे ही है जैसे शरीर में गुर्दे की। नम भूमि ही धरती के भीतर मीठे पानी के पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आर्द्रभूमि जैव विविधता से लेकर मीठे पानी के जलाशयों, कार्बन अवशोषण और आजीविका का भी बड़ा स्रोत मानी जाती है। ऐसे में यदि आर्द्र भूमि खत्म होती जाएगी तो धरती पर नए तरह का संकट खड़ा हो जाएगा। भारत में आर्द्रभूमि देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 4.7 फीसद है। जाहिर है, यह काफी कम है और इसलिए इसका संरक्षण कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। वैसे दुनियाभर में आर्द्रभूमि पर संकट गहराता जा रहा है। इसलिए इसे बचाने के लिए पहली बार दो फरवरी 1971 को ईरान के रामसर शहर में वैश्विक सम्मेलन बुलाया गया था और दुनियाभर में फैली आर्द्रभूमि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई थी। अंतरराष्ट्रीय महत्व की लगभग 2400 आर्द्रभूमियों में से 47 भारत में हैं और उन्हें रामसर स्थल कहा जाता है। ये विश्व स्तर पर प्रमुख संरक्षित स्थलों में से हैं। ईस्ट कोलकाता आर्द्रभूमि, पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर के पूर्व में स्थित प्राकृतिक और मानव निर्मित आर्द्र भूमि का एक बड़ा परिसर है जो 125 वर्ग किलोमीटर में फैला है। यहां कृषि क्षेत्र, सीवेज फार्म और कई तालाब हैं। तेजी से हो रहे शहरीकरण और भूमि उपयोग में बदलाव के कारण आर्द्र भूमि का लगातार क्षरण हो रहा है। सिर्फ पिछले एक दशक में हम लगभग 30 फीसद भूमि खो चुके है। आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए भारत में कोई मजबूत नियामक ढांचा नहीं है। इस समस्या को अभी भी अलग-थलग करके देखा जा रहा है। जल संसाधन प्रबंधन और विकास योजनाओं में शायद ही इसका उल्लेख किया जाता है। ऐसे संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्रों के प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी पर्यावरण और वन मंत्रालय के हाथों में है। हालांकि भारत रामसर सम्मेलन और जैविक विविधता के सम्मेलन दोनों का हस्ताक्षरकर्ता है, लेकिन हैरानी की बात यह कि आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए कोई स्पष्ट नियामक ढांचा नहीं है। मानसून के समय जल-प्रसार का मापन कर उसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर देना चाहिए। मानसून के बाद से ग्रीष्म काल तक आर्द्रभूमि के जल प्रसार क्षेत्र में उल्लेखनीय कमी पाई जाती है जिसका फायदा उठा कर लोग अतिक्रमण करते हैं। मानसून के बाद फैले जल का परिसीमन करके भू-राजस्व अभिलेखों को ठीक से बनाए रखा जाना चाहिए। तालाबों, झीलों और आर्द्र भूमि के पुनरुद्धार के लिए कार्य योजना का निर्माण वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए, न कि तदर्थ उपायों पर। सिंचाई की बेहतर तकनीकों को अपना कर भूजल पर दबाव कम किया जा सकता है। इसके अलावा किसानों को मोटा अनाज उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है, जिसमें बहुत अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती है। पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक समग्र वैज्ञानिक, तकनीकी और सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण की जरूरत होती है। इसमें जनभागीदारी और सहयोग जरूरी है। कई मामलों में स्थानीय समुदायों की उपेक्षा भी ऐसे संकट को बढ़ाती है। आर्द्र भूमि के तट पर रहने वाले समुदाय स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हैं क्योंकि अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए वे पारिस्थितिक तंत्रों पर ही निर्भर हैं। ऐसे में पारिस्थितिकी तंत्र का प्रभावी प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन गया है।

# बदहाल है देश का मजदूर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**(1 मई मजदूर दिवस पर विशेष)**

मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है। भारत में भी मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। हमारे देश की सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है, बहुत सी योजनाएं व कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर-उधर ताकने लग जाते हैं। मजदूर फिर बेचारा मजबूर बनकर रह जाता है।

भारत सहित दुनिया के सभी देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है। कोरोना महामारी की मार सबसे ज्यादा मजदूर वर्ग पर पड़ी है। इस कारण देश का मजदूर सबसे ज्यादा बदहाल है। मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। हमारे देश में मजदूरों का शोषण आज भी जारी है। समय बीतने के साथ मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

हमारे देश का मजदूर वर्ग आज भी अत्यंत ही दयनीय स्थिति में रह रहा है। उनको न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।

कोरोना के कहर के चलते आज सब से ज्यादा परेशान देश के करोड़ों मजदूर हो रहे हैं। उनका काम धंधा एकदम चैपट हो गया है। उनके परिवार के समक्ष गुजर-बसर करने की समस्या पैदा हो रही है। हालांकि सरकार ने देश के गरीब लोगों को कुछ राहत देने की घोषणा की है। मगर सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सहायता भी मजदूरों तक सही ढंग से नहीं पहुंच पा रही है। इस कारण बहुत से लोगों के समक्ष रोजी रोटी का संकट व्याप्त हो रहा है। उद्योगपतियों व ठेकेदारों के यहां अस्थाई रूप से काम करने वाले श्रमिको को ना तो उनका मालिक कुछ दे रहा है ना ही ठेकेदार।



इस विकट परिस्थिति में श्रमिक अन्य कहीं काम भी नहीं कर सकते हैं। उनकी आय के सभी रास्ते बंद हो रहे हैं।

हमारे देश में आज सबसे ज्यादा काई प्रताड़ित व उपेक्षित है तो वो मजदूर वर्ग है। मजदूरो की सुनने वाला देश में कोई नहीं हैं। कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तो पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है। कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है। हमारे देश में मजदूरों की स्थिति सबसे भयावह होती जा रही है। देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा। लेकिन मजदूरों के हालात तो आज भी नहीं बदले हैं तो फिर श्रमिक वर्ग किस लिये मजदूर दिवस मनाये। हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहतें हैं।)

## विनम्रता का पाठ

पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो? दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।

## कोरोना काल ने दिखा दी 'अपने घर' की अहमियत

**सोनम लववंशी**

याद कीजिए जब कोरोना महामारी अपने चरम पर थी और चारों तरह सब कुछ बंद हो गया था। महानगरों और बड़े शहरों में रहने वाले लोग भयभीत थे कि अब कहां जाएं, क्या करें और कैसे किसी को अपनी व्यथा बताएं, तो उन्हें सबसे पहले अपना घर याद आया होगा। वो घर जिसे वो किसी छोटे शहर या गांव में छोड़ आए थे। उस घर में माँ, पिता, बहन या छोटा भाई होगा! हो सकता है चाचा, चाची और ताऊ जी भी हों! निश्चित रूप से उन्हें वो सब याद आए होंगे! अहसास हुआ होगा कि यहां अकेले डर डरकर रहने से अच्छा है हम घर में होते या घर के वो सारे लोग साथ होते, जिन्हें हम अकेला छोड़ आए! ये पीड़ा तब और बढ़ी होगी, जब उन्होंने महानगरों में काम करने वाले मजदूरों को सर पर गठरी बांधकर पैदल ही घर जाते देखा होगा। उस सफर पर जिसकी मंजिल उन्हें मिलेगी भी नहीं, पता नहीं था! पर, एक जिद थी, अपने घर जाने की। दरअसल, ये कोरोना त्रासदी का सबसे सकारात्मक पक्ष है कि इसने लोगों को संयुक्त परिवार यानी अपने घर की अहमियत बता दी। जो लोग समय पर अपने घर-परिवार में पहुंच गए उनसे उनका सुकून पूछिए! वो अहसास पूछिए जो उन्हें अपने घर जा कर महसूस हुआ!

देखा गया है कि जो लोग संयुक्त परिवार में रहते हैं, वे मानसिक अवसाद का शिकार नहीं होते। क्योंकि, किसी को समस्या को लेकर उनकी सोच होती है कि घर वाले साथ हैं, जो होगा निपट लेंगे! जबकि, महानगरों में एक बेडरूम वाले फ्लैट में रहने वाले पति-पत्नी और एक बच्चे वाली कैप्सूल फैमिली हर वक्त तनाव में घिरे रहते हैं। ऐसे में कोरोना काल ने उनकी परेशानियां ज्यादा बढ़ाई थी! महामारी के दौरान जब घर से काम करने का विकल्प सामने आया तो कई लोगों ने %घर% नहीं छोड़ा! क्योंकि, वे संयुक्त परिवार का हिस्सा बन चुके थे। जब कोरोना का असर कम हुआ तो कई लोग अपना परिवार छोड़कर नहीं लौटे! ये स्थिति मजदूर वर्ग में ज्यादा दिखाई दी! बताते हैं कि 30 से 35 प्रतिशत मजदूर वापस काम करने महानगर नहीं लौटे और अपने गांव में ही छोटा-मोटा काम करके बस गए! ये वो सच्चाई है, जिसने भारतीय समाज का ढांचा बदल दिया। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य विभाग के एक सर्वे में यह तथ्य सामने आया कि कोरोना महामारी के चलते अकेले रह रहे लोगों में परिवार के साथ रहने की इच्छा बढ़ी है। परिवार के साथ घर पर लम्बा समय बिताने के बाद लोगों ने पहले से अच्छा महसूस किया। यहां तक कि लोग मानसिक तनाव जैसी बीमारी से भी उबर गए। विश्वविद्यालय के इस विभाग ने करीब दो हज़ार लोगों से इस मसले पर टेलीफोन पर लम्बी बातचीत की, तो कई चौंकाने वाले तथ्य उनके सामने आए। विभाग के एचओडी डॉ एपी सिंह के मुताबिक करीब 700 लोगों ने माना कि वे चाहते हैं, कि संयुक्त परिवार में परिजनों के साथ ही रहें, ताकि बेहतर और सुरक्षित रह सकें। जो लोग अक्सर छुट्टियों में अपने घर जाते थे, उनमें जल्दी घर जाने की इच्छा हो रही है। यह सारा बदलाव कोरोना महामारी के चलते हुआ। वे परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस कर रहे हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों पर भी पड़ा है। कोरोना महामारी के कदम रखने के साथ लोगों में बीमारी को लेकर डर बैठ गया था, वो भी घट गया। करीब 400 लोगों ने माना रोग प्रतिरोधक क्षमता ठीक होने और बचाव करने से किस बीमारी से बचा जा सकता है।



यह सच है कि परिवार के अस्तित्व के बिना भारतीय समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। बाजारवाद के इस दौर में भले ही हमारे रिश्तों के बंधन कमजोर पड़ गए हों, पर परिवार में प्रेम आज भी बरक़रार है। आधुनिकता की दौड़ में हमने भले ही खुद को बदल लिया है, पर हमारी संस्कृति के मूल में परिवार की जड़ें अभी बरक़रार है, जो हमें संस्कारों से जोड़कर रखती है। हमारी छोटी-बड़ी खुशियां, क़ामयाबी यहां तक कि हमारी उदासियों में भी हमारा परिवार हमारे साथ होता है। एकल परिवार का चलन जरूर बढ़ा, पर इनमें वह प्रेम नहीं, जो संयुक्त परिवार में होता है। बीते दो साल में कोरोना के कहर ने मानव प्रजाति के अस्तित्व को ही संकट में डाल दिया था।

## समय का सवालः जम्मू-कश्मीरः चुनाव जीतना जरूरी या कश्मीरी पण्डितों की वापसी....?

### सूडोकु नवताल- 6057

★★★✫✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6056 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

**ओमप्रकाश मेहता**

भारत में भाई श्री नरेन्द्र मोदी पिछले आठ सालों से प्रधानमंत्री पद पर विराजित है, 2014 में लोकसभा चुनावों के समय भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र तैयार किया था, उसमें प्राथमिकता से कश्मीर का मुद्दा उठाया था और अनुच्छेद-370 के खात्में के साथ लगभग बीस साल पहले कश्मीर से निष्कासित कश्मीरी पण्डितों की कश्मीर वापसी का संकल्प शामिल था, मोदी शासनकाल में इस संकल्प के आधे हिस्से (अनुच्छेद-370 के खात्में) को तो मूर्तरूप दे दिया, किंतु बीस साल से अपनी मातृभूमि से निर्वासित जिन्दगी बिताने वाले करीब पैंसठ हजार कश्मीरी पण्डित परिवार आज भी मोदी सरकार की ओर आशाभरी नजरों से देख रहे है और केन्द्र में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी जम्मू-कश्मीर विधानसभा पर अपनी विजय पताका फहराने की जुगत में व्यस्त हो गए है।



यदि हम जम्मू-कश्मीर के पुराने इतिहास पर नजर डालें, तो आजादी के बाद जब पाकिस्तान के रूप में भारत के बंटवारें का फैसला हुआ था, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. नेहरू, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा तत्कालीन गृहमंत्री वल्लभ भाई पटेल के बीच जम्मू-कश्मीर को लेकर काफी गंभीर चिंतन हुआ था, नेहरू जी के परम प्रिय मित्र शेख अब्दुल्ला तथा अन्य कश्मीरी नेताओं ने तब जम्मू-कश्मीर को भारत में ही रखने का फैसला यद्यपि उस समय जम्मू-कश्मीर में इस मसले पर जनमत करो का भी फैसला हुआ था, किंतु नेहरू व शेख साहब जानते थे कि कश्मीर के बाशिन्दे पाकिस्तान में शामिल होने के पक्ष में थे, इसलिए नेहरू जी ने पूरा जोर लगाकर जनमत नहीं होने दिया और जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया, किंतु पाकिस्तान के हुक्मरान नेहरू के इस फैसले से सहमत नहीं हुए, इसीलिए आज भी पाकिस्तान वाले जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का ही हिस्सा बता रहे है, जबकि अब भारत में पाक अधीकृत कश्मीर को वापस लेने की मांग शुरू हो गई है, यदि उस समय जनमत करवा लिया गया होता तो आज यह जम्म-कश्मीर भारत का हिस्सा नहीं होता, यही स्थिति वहां आज भी है, कश्मीर के बाशिंदे आज भी दिल से अपने आपको पाकिस्तानी ही मान रहे है और इस क्षेत्र में आतंकवाद के विस्तार का भी एकमात्र यही कारण है। सही तथ्य तो यह है कि भारत के बंटवारें में कश्मीर के भारत में रहने का दर्द अभी भी कश्मीरी मुसलमान अपने दिल में पाल रहे है और वे नहीं चाहते कि मुस्लिमों के अलावा किसी अन्य कौम का कोई भी शख्स कश्मीर में रहे, इसीलिए 1990 में एक अभियान चलाकर कश्मीरी पण्डितों को कश्मीर छोड़ने को मजबूर किया गया और वे पिछले बत्तीस सालों से निर्वासित जिन्दगी बसर कर रहे है, किंतु 2014 में भाजपा की देश में सरकार बनने और मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें यह विश्वास हो गया था कि यह हिन्दूवादी सरकार कश्मीरी पण्डितों का दर्द समझेगी और उनकी कश्मीर वापसी की व्यवस्था करेगी, भोपाल ने चूंकि अपने चुनावी संकल्प पत्र में यह मुद्दा शामिल भी किया था, इसलिए कश्मीरी पण्डितों की उम्मीद और अधिक बलवती हो गई थी, किंतु अब धीरे-धीरे वे भी निराश होने लगे है, क्योंकि मोदी के आठ साल के शासन के बाद भी उनका यह संकल्प मूर्तरूप धारण नहीं कर पाया और अब चूंकि पिछले लम्बे समय से केन्द्र के अधीन यह राज्य है, जहां का मुखिया उपराज्यपाल है, अब लग रहा है कि भाजपा ने यहां चुनावी माहौल बनाने की कौशिश की है किंतु चूंकि केन्द्र सरकार को अपनी खूफिया रिपोर्ट में जम्म-कश्मीर से अनुच्छेद-370 खत्म करने की आम नाराजी की सूचना मिल रही है, इसलिए भाजपा यहां विधानसभा चुनाव घोषित करवाने की हिम्मत नहीं कर पा रही है, अब भाजपा ने स्वयं प्रधानमंत्री जी को यह अहम जिम्मेदारी सौंप दी है और प्रधानमंत्री जी इस दिशा में सक्रिय भी हो गए है, जिसकी झलक प्रधानमंत्री के पिछले सप्ताह के दौरे के दौरान देखने को मिली।

## खालिस्तानी सबक लें पाकिस्तान से

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

एक तरफ तो प्रधानमंत्री अपने निवास पर सिख-प्रतिनिधि मंडल का स्वागत कर रहे हैं और दूसरी तरफ पटियाला में सिखों और हिंदुओं के बीच धुआंधार मारपीट हो रही है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में गुरु तेग बहादुर के 400 वें जन्म-समारोह के अवसर पर भारत की आजादी और समृद्धि में सिख समुदाय के अपूर्व योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की थी और कल पटियाला में खालिस्तान की मांग को लेकर दंगल मचा हुआ था। हिंदू और सिख संगठन आपस में भिड़ गए, उनमें लाठियाँ, गोलियाँ चलीं और पटियाला में कर्फ्यू भी लगाना पड़ गया। पटियाला में जो कुछ हुआ, उसकी जड़ में उग्रवाद, मंदबुद्धि और संकीर्णता के अलावा कुछ नहीं है। उसका गुरु नानक के सिख धर्म और हिंदू धर्म से कुछ लेना-देना नहीं है। वह अल्पमति लोगों का आपसी दंगल भर है। बिल्कुल ऐसा ही दृश्य अभी-अभी दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में देखने को मिला। राजाराम नामक गोदुग्ध का धंधा करनेवाले एक गरीब आदमी की हत्या कुछ गोरक्षकों ने इसलिए कर दी कि उन्हें शक था कि उसने किसी गाय की हत्या कर दी थी। उसके घर से किसी गाय के अस्थि-पंजर देखकर उन्होंने यह क्रूरतापूर्ण कुकर्म कर दिया। क्या ऐसे लोगों को आप हिंदुत्व या गोमाता के रक्षक कह सकते हैं? ऐसे लोग आदमी को पशु से भी बदतर समझकर उसे मार डालते हैं। पंजाब में जो उग्रवादी खालिस्तान की मांग कर रहे हैं, वे बताएं कि वे कितने खालिस हैं? क्या वे गुरु नानक के सच्चे भक्त हैं? क्या उन्होंने गुरुवाणी के सच्चे अर्थों को समझने की कोशिश की है? वे धार्मिक उतने नहीं हैं, जितने राजनीतिक हैं। सत्ता की भूख उन्हें दौड़ाती रहती है। वे सत्ता हथियाने के लिए देश के दुश्मनों से भी हाथ मिला लेते हैं। सिखों के साथ क्या भारत में कोई भेदभाव या अन्याय होता है? भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सिख समुदाय के रहे हैं। वे लोकसभा अध्यक्ष, मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि सभी पदों पर रहते आए हैं। किसी भी अल्पसंख्यक वर्ग को इतनी महत्ता भारत में नहीं मिली है, जितने सिखों को मिली है। क्या भारत में कोई ऐसा समुदाय भी है, जिसके सिरफिरे सदस्यों ने किसी प्रधानमंत्री की हत्या की हो? प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख लोगों पर जो अत्याचार हुआ है, उसकी निंदा किसने नहीं की है? सिख समुदाय अपनी भारत भक्ति और कठोर परिश्रम का पर्याय है। भारतीयों को उस पर गर्व है। जो बंधु खालिस्तान का नारा लगाते हैं, क्या उन्हें पता नहीं है कि 1947 में पाकिस्तान का नारा लगानेवालों ने बेचारे करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी कैसे मुहाल कर रखी है।

# सुख-समृद्धि और शांति प्राप्ति के लिए किए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन, की प्रार्थना

### शनिचरी अमावस्या पर शनिधाम पहुंचे लाखों की संख्या में श्रद्धालु, शनि मेला प्रशासन द्वारा किये बेहतर प्रबंध, सीसीटीव्ही कैमरे की निगरानी में रहा मेला, चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर







**मुरैना।** शनिचरी अमावस्या पर शनिवार को मुरैना जिले के ऐंती ग्राम में स्थित प्राचीन शनिधाम मंदिर पर विशाल मेला का आयोजन सम्पन्न हुआ। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति के लिए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन किये और प्रार्थना की।

जिला प्रशासन द्वारा की गई माकूल व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं को दर्शन करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। कलेक्टर बी. कार्तिकेयन के निर्देशन में पुलिस व राजस्व विभाग तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग करते रहे। पुलिस अधीक्षक आषुतोश बागरी द्वारा पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्थायें की गई थी, जिसमें दो पालियों में 700 पुलिस कर्मचारी एवं अन्य 1000 कर्मचारियों को तैनात किया गया था, वहीं कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के निर्देशन में अपर कलेक्टर, राजस्व अधिकारियों सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारियों ने श्री शनि मेला मंदिर परिसर में जिम्मेदारियों का पूर्ण निर्वहन किया। विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यपालिक दण्डाधिकारी के रूप में जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। मेले को 4 सेक्टरों में विभाजित किया गया था, जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहे। संपूर्ण मेला अवधि में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मेले में पल-पल की जानकारी लेते रहे। समाजसेवी सहित जिला अधिकारी मेला अवधि के दौरान स्थल पर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं पर नजर बनाये रखे दिखे। मेला में स्काउट गाइड के बच्चों ने बुजुर्ग दर्शनार्थियों को सहयोग करके दर्षन कराके साथ ही भीड़-भाड़ से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

#### मेले में स्नानागार की उचित व्यवस्था

मेले में प्रशासन द्वारा महिला एवं पुरूष स्नानागार की उचित व्यवस्था की गई थी जिससे महिला एवं पुरूषों के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्नान किया जा रहा था। नाई जोन प्रशासन ने नाई जोन की उचित व्यवस्था की थी, जिसमें करीब 300 नाईयों को नाईजॉन में बिठाया गया।

#### फायर विग्रेड की उचित व्यवस्था

प्रशासन द्वारा इस मेले में अलग-अलग स्थानों पर फायर विग्रेड की व्यवस्था की गई। इससे अग्नि दुर्घटनाओं को आसानी से रोका जा सके। मेले में बढ़ती गर्मी के टेम्प्रेचर को कम करने के लिये फोग सिस्टम जगह-जगह लगाये गये थे।

#### महिला-पुरूषों को अलग-अलग दर्शन कराने की उचित व्यवस्था

जिला प्रशासन द्वारा शनि मेला में महिला-पुरूषों को दर्शन करने की उचित व्यवस्था की गई थी। शनि मेला में हरियाणा के हिसार जिले के बलवीर सिंह ने बताया कि प्रशासन ने चार चौबंद व्यवस्थायें की है, हमें किसी भी प्रकार की श्री शनि भगवान के दर्शन करने में कठिनाई नहीं हुई, ऐसा प्रशासन बधाई का पात्र है। वहीं उत्तरप्रदेश के आगरा के दिनेश डंडोतिया, दिल्ली के करोल बाग से आये लाखन सिंह जाट और धर्मवीर सिंह ने मेला अवसर पर प्रशासन द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

#### मेले में स्काउट गाइड ने दी सेवायें

शनि मेले में आने वाले दर्शनार्थियों को बेहतर सुविधायें मिलें इसके लिये इस बार भारत स्काउट गाइड के कार्यकर्ताओं को लगाया गया। स्काउट गाइड के सदस्यों ने मेले में घूमकर अपनी सेवायें प्रदान की जिसके तहत उन्होंने वृद्ध व दिव्यांग लोगों को दर्शन कराने का कार्य बखूबी निभाया।

#### सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दी सेवायें

शनि मेले में लगभग एक दर्जन सेवानिवृत्त कर्मचारी सेवारत रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने विशेषकर एंबुलेंस, चिकित्सक, पानी के टेंकर आदि स्थानों पर सेवा प्रदान की। अपनी सेवाओं में तत्परता के साथ मौजूद रहकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने टैंकरों में पानी भरवाना, किसी व्यक्ति की तबियत खराब होने पर चिकित्सक से संपर्क कराना तथा एंबुलेंस तक संपर्क बनाकर उन्हें अग्रिम इलाज के लिये मार्गदर्शन देने का कार्य किया। इसके अलावा नाई जॉन, फायर ब्रिगेड की जिम्मेदारी का भी उनके द्वारा निर्वहन किया गया।

### विदेशी दर्शनार्थियों ने भी किये दर्शन



**मुरैना।** शनि अमावस्या पर शनि मंदिर के भव्य मेला में पुर्तगाल से आये कुछ पुजारी संत दर्शनार्थियों ने भी भगवान श्री शनिदेव के दर्शन कर अपने सुखद भविष्य की कामना की।

## केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने तालाब निर्माण कार्य में किया श्रमदान

### आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले में बनाए जा रहे हैं 106 अमृत सरोवर



**मुरैना।** देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत, देशव्यापी श्रृंखला के तहत, मुरैना जिले में बनाए जा रहे 106 अमृत सरोवरों (तालाबों) के निर्माण कार्य देखने के लिए आज दूसरे दिन भी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद नरेंद्र सिंह तोमर मौके पर पहुंचे। श्री तोमर ने मुरैना जिले की सबलगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रूपा का तोर, ग्राम भटपुरा में निर्माणाधीन तालाब का अवलोकन करने के साथ ही वहां श्रमदान भी किया।

इस दौरान श्री तोमर ने अधिकारियों से कहा कि तालाब बन जाने के बाद इसके माध्यम से आसपास के किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाये। लोगों को निस्तार के लिये पानी के साथ-साथ पशुओं को भी पानी उपलब्ध होगा, साथ ही आसपास के क्षेत्र का वाटर लेवल बढ़ेगा। चारों तरफ हरियाली भी होगी। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जल संरक्षण के प्रति सभी लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय अनुसार, राज्य सरकार, जिला प्रशासन, जिला पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। इनके बन जाने पर भू-जल स्तर बढ़ेगा तथा खेती-किसानी का सिंचित रकबा भी बढ़ेगा तथा भविष्य के लिए क्षेत्रवासियों को काफी सहूलियत हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर द्वारा अवलोकन के दौरान जौरा के विधायक सूबेदार रजौधा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

### नूरावाद में 5.55 हेक्टेयर शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त करायी

#### -भूमि का बाजार मूल्य दो करोड़ रूपये से अधिक बताया




**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भू-माफियाओं द्वारा किये गये अवैध कब्जों का सफाया, बुल्डोजर चलाकर किया जा रहा है। पिछले दिनों कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के नेतृत्व में नूरावाद के जिला एवं पुलिस प्रशासन ने नायब तहसीलदार श्री रत्नेश शर्मा के न्यायालय के प्रचलित अतिक्रमण के मामले को लेकर लगभग 5.55 हेक्टेयर षासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया है। अतिक्रमण हटने के बाद शासन द्वारा इस भूमि पर कब्जा प्राप्त कर लिया है। इस भूमि का बाजार मूल्य दो करोड़ रूपये से अधिक बताया गया है। राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाही से बानमौर तहसील में पिछले माह पौने तीन करोड़ रूपये की भूमि पर भू-माफियाओं विरोधी अभियान चलाकर उनके खिलाफ कार्रवाही कर शासन हित में भूमि पर कब्जा प्राप्त किया गया है।

## सम्मान के साथ सैनिक रामेश्वर दयाल का बडोखर मुक्तिधाम में किया गया अंतिम संस्कार



**मुरैना।** दुर्गापुरी कॉलोनी मुरैना निवासी सैनिक रामेश्वर दयाल टुण्डेलकर का बडोखर शांतिधाम में सम्मान के साथ शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया । अंतिम संस्कार के दौरान सीआरपीएफ के जवानो ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी और अंतिम संस्कार किया। सैनिक को उडीसा से तिरंगे में लिपटाकर ताबूत में लाया गया था। जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार अजय शर्मा ने भी सैनिक पर ध्वज ओढाकर पुस्पचक्र अर्पित किये। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि रविन्द्र मावई, तहसीलदार अजय शर्मा, शहर टीआई योगेन्द्र जादौन सहित अनैक राजनेता, गणमान्य नागरिकों ने पुष्पचक्र भेंट किया। विदित हो कि शुक्रवार को उडनीधाडी भवनी पटना शहर जिला कालाहांडी उडीसा में रामेंश्वर दयाल का निधन हो गया था। दिवंगत रामेश्वर दयाल को ज्येष्ठ पुत्र विक्रम टुण्डेलकर ने मुखाग्नि दी।




## पूर्ण जनसेवा भाव से सेवा करना ही सच्ची सेवा होती है : रूस्तम सिंह

### -नवीन 108 एम्बूलेंस एवं जननी एक्सप्रेस वाहन के शुभारंभ अवसर पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने किया संजीवनी ऐप का शुभारंभ



**मुरैना।** प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रूस्तम सिंह ने कहा है कि पूर्ण जनसेवा भाव से सेवा करना ही सच्ची सेवा होती है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल का नया भवन मरीजों की बेहतर सुविधाओं के लिये बनकर तैयार है, अगर इस भवन में चिकित्सक एवं पैरा मेडीकल स्टाफ पूर्ण जनसेवा भाव से लोगों की स्वास्थ्य सेवा नहीं करेंगे तो इतने बडे भवन के बनाने का मकसद पूर्ण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के लिये एक-एक नवीन सुविधायुक्त 108 एम्बूलेंस का शुभारंभ करके जिलों को भेजी जा रही है। मुरैना की एम्बूलेंस भी अगले एक-दो दिन में आ जायेगी। हम एम्बूलेंस का बेहतर उपयोग मरीजों के लिये पूर्ण सेवा भाव से करें, यह हमारा मकसद होना चाहिये। पूर्व मंत्री रूस्तम सिंह शुक्रवार को जिला चिकित्सालय के नवीन भवन में नवीन 108 एम्बूलेंस के भोपाल से मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर रूस्तम सिंह ने संजीवनी ऐप का शुभारंभ भी किया। उन्होंने इस मौके पर क्षय रोग मरीज योगेन्दर को डोट्स के माध्यम से 5 हजार रूपये की कीमत की वेडाकुलीन टेबलेट का सेवन भी कराया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता, डीएचओ डॉ. अनुभा माहेश्वरी, डीपीएम श्रीवास्तव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल सहित अन्य चिकित्सक, अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री रूस्तम सिंह ने कहा कि चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का व्यवसाय पैसा कमाना ही नहीं है, सरकार उन्हें वेतन देती है।

## बिजली कंपनी ने ट्रांसफार्मर से अवैध रूप से ई-रिक्शा चालकों को बैटरी चार्ज करते पकड़ा

### ई-रिक्शा जब्त कर, चालकों के विरूद्ध कार्यवाही



**मुरैना।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली के अवैध और अवैधानिक उपयोग में रोकथाम के लिए मैदानी स्तर पर प्रभावी ढंग से चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुरैना जिले के सबलगढ में बिजली चोरी का एक मामला पकडा गया है, जहॉ ट्रांसफार्मर से अवैध रूप से ई-रिक्शा चालकों द्वारा बैटरी चार्ज की जा रही थी। बिजली कंपनी को सूचना मिलते ही मौके पर ई-रिक्शा चालकों को बैटरी चार्ज करते हुए पकडा गया और बिजली चोरी के इन आरोपियों के विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। कंपनी को सूचना मिली थी कि ई-रिक्शा चालक सबलगढ के इस ट्रांसफार्मर पर आकर ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करते हैं। कंपनी द्वारा पूर्व में फरवरी माह में भी ट्रांसफार्मर से अवैध रूप से ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करने पर तीन ई-रिक्शा चालकों पर कार्यवाही की थी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक मुरैना पी.के. शर्मा ने बताया है कि सबलगढ में पिपरघान रोड पर स्थित 200 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट विद्युत चोरी कर ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करने पर मुकेश, राजवीर एवं जयप्रकाश नाम के तीन ई-रिक्शा चालकों के विरूद्ध बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज कर ई-रिक्शा जब्त कर लिया गया है। मुकेश पर 4 हजार 885 रूपये, राजवीर पर 15 हजार एवं जयप्रकाश पर 15 हजार रूपये की बिलिंग की गई है। गौरतलब है कि पूर्व में फरवरी माह में भी मुकेश के विरूद्ध 7 हजार 535 की बिलिंग कर ई-रिक्शा जब्त किया गया था। मुरैना जिले में हानियों को कम करने के लिए सख्त एवं परिणाममूलक प्रयास किये जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत महाप्रबंधक के निर्देशन में टीम प्रबंधक अक्षय कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक मयंक अरजरिया एवं लाइन स्टॉफ गिरीश गौड, राधेश्याम, अब्दुल एवं बंटी द्वारा यह कार्यवाही की गई है।

# राजनीति में सहजता और सरलता के लिये समाजसेवी स्वर्गीय थापक को हमेसा याद किया जायेगा: कटारे

**संतोष सिंह भदोरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**गोरमी।** नगर के जाने माने समाजसेवी एबम बरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय सत्यनायराय थापक कक्का की 6 बी पुण्यतिथि पर आज सामाजिक संस्था अपना मित्र मंडल भारतीय जनता पार्टी हिन्दू युवा वाहिनी एबम अन्य सामाजिक संगठन के लोगो ने नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फल वितरण एवं नगर के थाना रोड पर मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक के आवास पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता परशुराम ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण कटारे ने कहा की हम लोगो का बड़ा सौभाग्य है कि हम एक ऐसे महान कर्म योगी की 6 बी पुण्यतिथि मना रहे हैं जो एक राजनेता के साथ साथ सहज सरल इंसान थे वह काफी लंबे समय तक राजनीति में रहे उन्होंने कभी भी पद की कोई लालसा नहीं की वह हमेशा कहां करते थे की राजनीति कोई व्यवसाय नहीं है यह एक गरीब असहाय व्यक्त की मदद एवं समाज सेवा का माध्यम है स्वर्गीय सत्यनायराय थापक कक्का को राजनीत में सहजता सरलता एवं ईमानदारी के लिए हमेशा याद किया जायेगा। आज हम सब लोग उनकी 6 बी पुण्यतिथि पर उनको शत-शत नमन करते हैं एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं ।कार्यक्रम का संचालन निर्मल आर्य ने किया। अंत में मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने अपना मित्र मंडल भारतीय जनता पार्टी हिन्दू युवा वाहिनी एवं अन्य सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता एबम सभी बरिष्ठ नेताओ का आभार व्यक्त किया और यह विश्वास दिलाया कि हम सब लोग सत्यनायराय थापक जी के बताए हुए मार्ग पर आगे बढ़ेंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के जिला मंत्री राजकुमार जैन मेडिकल ऑफिसर डॉ अबध बिहारी भारद्वाज वरिष्ठ नेता अरविंद वर्मा सुरेश कुशवाहा हिन्दू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष आकाश दिक्सित निर्मल आर्य चेतन भदौरिया बल्लू पांडे ओमकार यादव युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नीरज यादव शिवराज यादव पत्रकार संघ से रणवीर परमार अरविंद जैन हरिओम कटारे दिनेश श्रीवास राहुल कटारे राजेश मिश्रा अंगे यादव राहुल थोकदार अरविंद थापक कुलदीप राजोरिया आदि उपस्थित थे।




## पिंजरापोल सोसायटी में पशुओं के चारा पानी के लिए आशीष कुमार दुबे ने दिया आर्थिक सहयोग

**नारायणलाल सेंणचा पुष्पांजली टुडे**


**मैसूरु** न्चामुंडी पहाड़ी की तलहटी स्थित पिंजरापोल सोसायटी परिसर में संरक्षित पशुओं की स्वास्थ्य देखभाल,चारा पानी की व्यवस्था हेतु गुजरात निवासी दिलीप जैन की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश राज्य के काशी मूल के सहयोगी आशीष कुमार दुबे ने आर्थिक सहयोग दिया द्य गोपूजन कर आरती की द्य सोसायटी की ओर से सहयोगी का आभार जता कर सम्मान किया गया द्य सबसे पहले सोसायटी की व्यवस्था देखी द्य आपातकालीन कक्ष में उपचाररत पशुओं की सेवा कार्य देख अभिभूत हुए द्य इस दौरान पिंजरापोल सोसायटी के अध्यक्ष सुमतिलाल पगारिया, सचिव विनोद खाबिया,सदस्य सुशील चौरड़ीया,सुरेंद्र जैन,रमेश जैन,दिलीप जैन,राजस्थान विष्णु सेवा ट्रस्ट नवयुवक मंडल अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चांदावत आदि भक्त उपस्थित रहे द्य पिंजरापोल सोसायटी अध्यक्ष सुमतिलाल पगारिया ने गौभक्तो से गौमाता की सेवा हेतु आर्थिक सहायता देने का आह्वान किया द्यद्य



## ग्रामीणों ने लगाए सरपंच एवं रोजगार सहायक पर गंभीर आरोप प्रधानमंत्री आवास योजना में किया पात्रों को अपात्र अपने करीबी एवं रिश्तेदारों को दिया इसका लाभ

**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर।** खबर पिछोर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चोमहा से है जहां पर ग्रामीणों द्वारा सरपंच एवं सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि सरपंच एवं सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 40 से अधिक गरीब परिवारों को तो अपात्र घोषित कर दिया और उन्होंने अपने रिश्तेदार एवं करीबियों को उसका लाभ दिला दिया सरपंच एवं सहायक सचिव की रिश्तेदारों के यहां ट्रैक्टर एवं 2 एकड़ से भी ऊपर जमीन है और जिनके पास पिछोर मैं प्लांट भी हैं ग्रामीणों का आरोप है कि जो वास्तव में गरीब परिवार हैं उनको तो सरपंच एवं सचिव द्वारा अपात्र घोषित कर दिया गया है इससे नाराज होकर ग्रामीणों में आज जनपद पंचायत सीईओ को आवेदन दिया और उन्होंने कहा कि इन सभी परिवारों की बारीकी से जांच हो जो पात्र हो उन्हें पांच किया जाए और जो अपात्र हो उन्हें अपात्र किया जाए।



## पोहरी में एक दिवसीय त्रिदेव प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

### बीएलए, महामंत्री ओर बूथ अध्यक्षो की हुई बैठक



**अरूण खंगार पुष्पांजली टुडे**

**पोहरी–** पोहरी के अमन पब्लिक स्कूल में भाजपा द्वारा एक दिवसीय त्रिदेव प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे बीएलए, महामंत्री ओर बूथ अध्यक्षो सहित एप विस्तासरको को भारतीय जनता पार्टी के 20 करणीय कार्यो के।बारे में।बातया गया। बैठक में।सर्वप्रथम महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात कार्यकर्ताओ का बेरीफिकेशन किया गया। जहा मुख्य वक्ता के रुप में राज्यमंत्री नरेंद्र विरथरे उपस्थित रहे बही मंडल प्रभारी नरोत्तम रावत ने कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की। बही बूथ स्तर पर आयोजन के बारे में कार्यक्रटसो को बताया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अशुतोष जैमिनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक ने किया कार्यकारणी का विस्तार

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी बालाघाट के जिला अध्यक्ष रमेश भटेरे के अनुमोदन उपरांत भारतीय जनता पार्टी बालाघाट झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय सुखदेवे के द्वारा जिला पदाधिकारियों की घोषणा कर कार्यकारणी का विस्तार किया है। जिसमें जिला सहसंयोजक गुरुदत्त तुर्कर बालाघाट, सचिन चोरिवार बालाघाट, श्रीमती ललिता कोहाट भरवेली, लखन बांगड़े बालाघाट, सुशील डोंगरे बालाघाट,अन्नपूर्णा तिवारी कोसमी परसवाड़ा,लोकराम बिसेन समनापुर, घनकिशोर कटरे समनापुर परसवाड़ा, गंगा बहादुर थापा बालाघाट, हेमेंद्र राहगडाले बिरसा, राजीव गोपाल सिंह बैहर, रामा उइके समनापुर परसवाड़ा,ओमप्रकाश लिल्हारे खैरलांजी,जिला कार्यालय मंत्री मानु सेन बालाघाट, जिला मीडिया प्रभारी रविंद्र सोनवाने टटेकसा कटंगी, जिला कार्यकारिणी सदस्य शक्ति कोहरे बालाघाट, लखन बिसेन मलाजखण्ड,चरणलाल शेंडे भेंडारा वारासिवनी, गजेंद्र सुमगड़े डहरवाल देवरी लालबर्रा,अनेन्द्र डाहटे बालाघाट, अजय पंचेश्वर बालाघाट को नया दायित्व सौंपा गया है। वह कार्यकारिणी का विस्तार के पश्चात पदाधिकारियों को पार्टी व सहयोगी जनों ने बधाई प्रेषित की गई है।



## दिनारा थाना परिसर में शनिवार को ईद बा परशुराम जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।

**हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजली टुडे**

दिनारा थाना प्रभारी संतोष भार्गव ने थाना परिसर में शनिवार को शांति बैठक ली थाना परिसर में विभिन्न पंचायत से प्रतिनिधि दिनारा व्यापारी गण उपस्थित रहे थाना प्रभारी ने कहां की त्यौहार एक दूसरे के खुशियां लेकर आता। परशुराम जयंती को लेकर थाना प्रभारी संतोष भार्गव ने कहा की बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाएं लेकिन एक दूसरे के साथ मिलकर परशुराम जयंती को सफल बनाएं। ईद के त्यौहार को लेकर। भी संदेश दिया की ईद के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाएं यह त्यौहार भाईचारे का होता है सफलतापूर्वक अपने त्यौहार को मनाया जाए। चाहे वो हिंदुओं का त्योहारों चाहे मुसलमानों का हो एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए जिससे कि एक भाईचारा बना रहे क्योंकि सभी त्योहार अपने अपने धर्मों का बड़ा महत्व होता है अपना अपना धर्म सभी लोग बड़ी धूमधाम से मनाते हैं।



## जीरो मॉडल स्कूल का वार्षिक परिणाम रहा शत प्रतिशत






### मोमेंटो व मेडल देकर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**

**पन्ना ।** 30 अप्रैल 2022 को जीरो सेवा समिति द्वारा संचालित नगर के प्रतिष्टित विद्यालय जीरो मॉडल स्कूल देवेन्द्रनगर का कक्षा नर्सरी से नवमीं तक का गृह वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय प्राचार्य रमेश अग्रवाल की उपस्थिति में घोषित किया गया जो कि शत प्रतिशत रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन सहित सरस्वती वंदना के साथ किया गया। ततपश्चात कक्षा नर्सरी से दसवीं तक प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह,मैडल व पुरुस्कार सहित मार्कशीट प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य रमेश अग्रवाल द्वारा कक्षा दसवीं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः मुस्कान चतुर्वेदी,रिया पटेल व शिवाकांत लोधी का मोमेंटो व मेडल पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रामनिवास गर्ग,विनोद तिवारी,नरेंद्र शर्मा सहित प्रेमलता मिश्रा,अंचल जैन,संयोगिता शर्मा,प्रगिता जैन,सुखसागर त्रिपाठी,सतेंद्र नामदेव,जीनत अख्तर व समस्त स्टॉफ, अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक मुकेश पटेल द्वारा व आभार विद्यालय प्राचार्य द्वारा किया गया।

# दतिया 2023 का मिशन पूरा करेंगे पोलिंग बूथ भाजपा के त्रिदेव : डॉ नरोत्तम मिश्रा

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल दतिया द्वारा आयोजित त्रिदेव प्रशिक्षण कार्यशाला एवं सोशल मीडिया आईटी विभाग कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे कार्यशाला में उपस्थित समस्त अतिथियों ने सर्वप्रथम पार्टी के पित्र पुरुषों का विधिवत पूजन अर्चन कर कार्यशाला प्रारंभ कि ग्रहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने त्रिदेव प्रशिक्षण कार्यक्रम मैं उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी पोलिंग बूथ के त्रिदेव 2023 का मिशन पूरा करेंगे 2023 में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अपने बूथ पर 51त्न वोटों को बढ़ाने का कार्य करेंगे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रशिक्षित कार्यकर्ता होते हैं यह कार्यकर्ता दिन रात अपने बूथ को मजबूत बनाने की चिंता करते हैं भारतीय जनता पार्टी केंद्र और प्रदेश के संगठन द्वारा अभी से मिशन 2023 और 24 की बूथ स्तरीय योजनाओं की तैयारी प्रारंभ कर दी है जिससे आने वाले समय से पहले पोलिंग बूथ का कार्यकर्ता सक्रिय होकर अपने अपने पोलिंग बूथ को मजबूत बनाएंगे और हर एक पोलिंग बूथ से भाजपा को विजई बनाएंगे बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री सिल्लन साहू भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 20 करणीय कार्यों के बारे में बूथ अध्यक्ष महामंत्री एवं बी एल ए को समझाया बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर सिंह कुशवाहा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ बद्री प्रसाद साहू अजय दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

बैठक में श्वेता गोरे शकुंतला जाटव गजराम कुशवाहा राकेश मुखरैयाअवधेश राजपूत अमर सिंह राजपूत रवि गौतम नीरज दुबे अनिल दांगी कमल सिंह कमरिया भारती अहिरवार राघवेंद्र मारवाड़ी शैलेंद्र अहिरवार प्रतिपाल सिंह बघेल मुकेश कुमार गौतम गौरव यादव लाखन अहिरवार रामपाल सिंह राजपूत राजकुमार साहू ऋषि राय गौरी शंकर राय हरि सिंह केवट गंगाराम यादव सतीश मिश्रा महेश कुमार राकेश कुमार श्रीवास्तव रामजी शरण झा वीर सिंह दोहरे धर्मेंद्र गुर्जर राहुल गुर्जर फूल सिंह कुशवाहा पुरुषोत्तम राजपूत दीपेंद्र पाल बृज किशोर कुशवाहा कल्लू यादव ज्ञान सिंह अहिरवार हरिमोहन कुशवाहा अरविंद गुप्ता दशरथ कुशवाहा विक्की प्रजापति संजय जोशी धर्मेंद्र प्रजापति अयोध्या प्रसाद कुशवाहा अनिल कुमार दोहरे संदीप भैया दुबे अजय रजक लोकेंद्र शर्मा अजय कुमार शर्मा ज्ञान सिंह संजीव यादव भैयन यादव सुदीप तिवारी गौरव दुबे चंद्रशेखर यादव दीपक गौतम राम नारायण यादव बल्लू कुशवाहा सौरभ अहिरवार कार्यक्रम का आभार मंडल उपाध्यक्ष विनोद यादव ने व्यक्त किया कार्यशाला में प्रमुख रूप से नगर एवं ग्राम केंद्र संयोजक सहसंयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी सभी बूथों के अध्यक्ष महामंत्री, बी एल ए ,सोशल मीडिया प्रभारी आईटी प्रभारी सहित भारतीय जनता पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे






# मौं मंडल का त्रिदेव एंव सोशल मीडिया प्रशिक्षण संपन्न




**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**मौ।** भारतीय जनता पार्टी श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जन्म सताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बूथ सशक्ति करण कार्यक्रम संचालित कर रही है। बूथ विस्तारक अभियान में जो त्रिदेव गठन किए गए थे,उनका प्रशिक्षण तकनीकी सोशल मीडिया के माध्यम से आम जन के बीच में जुड़ाव कैसे मजबूत हो इसलिए ऐसा प्रशिक्षण वर्ग आज दिनांक 30/04/22 को नर्सिंग मंन्दिर में संपन्न हुआ।

इसमें मुख्य अथिति के तौर पर नंदराम बघेल जी, एंव नवल किशोर मिश्रा जी व सोशल मीडिया से रामू कुशबाह अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और महापुरुषों की प्रतिमा के साथ किया गया। नंदराम बघैल जी ने अपने उद्बोधन में कहा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। ऐसे कार्यकर्ताओं के दम पर पार्टी आज विश्व पटल पर अग्रसित है श्री बघेल सहाब ने त्रिदेव के करणी कार्यों के बारे में विस्तार से बात रखी। ओर कहा बूथ स्तर पर हमने जो त्रिदेव यानि बूथ अध्यक्ष बूथ महामंत्री बूथ बीएलै तैयार किये है ये पार्टी कै लिये भगबान कै रूप में कार्य करैगै तथा अपनी पार्टी को ओर मजबूत बनायगै इस अबसर पर नवल-किशोर मिश्रा नै पार्टी कै बिचारो पर प्रकाश एंव रामू कुशबाह नै शोशल मिडिया का महत्व क्या है इस सम्बल मै कार्यकर्ताओं को अपना उद्बोधन दिया । मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने अपने उद्बोधन में मंडल के प्रत्येक बूथ से आए हुए कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पार्टी के आगामी कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सम्पन्न कराने की बात कही। सम्पूर्ण कार्यकर्म का संचालन मंडल महामंत्री सुल्तान मौर्य व कार्यक्रम का आभार किसान मोर्चा कै प्रदैश सदस्य रघुबीर पवैया ने किया। कार्यक्रम के बीच में पुराने वरिष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ताओं का सम्मान मंचासीन अतिथियों का मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर अथियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उदयबीर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनायण कुशबाह रामजीलाल शर्मा बासदैव शर्मा राजैन्द सिंह धर्मैन्द राणा रामस्वरुप कुशबाह लखूरै यादव बबली यादव रघुराज गुर्जर सोनू खांन, कार्यालय मंत्री डां बैताल गोड, लल्लूराम कुशबाह अजय झां पंकज कुशबाह नरैन्द कुशबाह रामकुमार जादोन पर्वत जादोन कोमल यादव गोपाल सैन संतोष यादव राजीब जैन अशोक गोयल पूरन गोयल शतीष परिहार बलबीर जाटव गुप्ता जाटव राजू खांन ब्रजकिशोर परिहारआदि सैकड़ो बूथ कार्यकता मौजूद रहे।



## मुम्बई फैशन-शो में प्रदेश के डिजाइनर की धूम

### मिस यूनिवर्स और मिस इंडिया ने पहने मध्यप्रदेश में बने डिजाइनर वस्त्र

### डिजाइन में परम्परागत और पाश्चात्य शैलियों का रहा मिश्रण

**भोपाल।** मुम्बई के फैशन-शो में मध्यप्रदेश के फैशन डिजाइनर साधना व्यास, फरहत मलिक और मुमताज खान द्वारा चंदरी, महेश्वरी और होशंगाबाद के वस्त्रों से बनी विभिन्न डिजाइनर सामग्री ने मुम्बई वासियों का दिल जीत लिया। फैशन-शो आने वाली फिल्मस्टार, प्रोड्यूसर, ड्रेस डिजाइनर ने पहली बार मध्यप्रदेश की चंदेरी महेश्वरी, साड़ियों और सूट पर बाग, नानदना प्रिंट की शानदार कारीगरी देखी।

फैशन-शो के पहले चरण में डिजाइनर साधना व्यास के नव-जातीय संग्रह को रेम्प पर पूर्व मिस इंडिया-2020 मान्या सिंह ने प्रस्तुत किया। डिजाइनर फरहत मलिक के द्वारा अपनी बेहतरीन कारीगरी से कट-फट चुके खादी, सिल्क के कपड़ों से तैयार किए गये बैग, जूते, हाथ के गहनों को देखकर दर्शक अपने आपको तालियाँ बजाने से नहीं रोक पाए। फरहत मलिक ने अपने उत्पादों में परम्परागत गहनों के साथ पाश्चात्य शैली का जो कोम्बिनेशन तैयार किया है, वह देखते ही बनता है। फरहत मलिक के उत्पादों को मिस यूनिवर्स 2020 एडलीन केस्तालीनो ने रैम्प पर प्रस्तुत किया ।

फैशन-शो में महेश्वर, साँची के स्तूप, खजुराहो के रूपांकनों के साथ सजी साड़ियाँ भी आकर्षक का केन्द्र रही हैं। मध्यप्रदेश कुटीर एवं खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रदेश के शिल्पियों से ऐतिहासिक और पुरातात्वाविक महत्व की इमारतें की डिजाइन को साड़ियों पर बनवाया गया है। इनको रैम्प पर सुप्रसिद्ध अभिनेत्री कुनिका सदानंद ने प्रस्तुत किया ।

फैशन शो में मुमताज खान के संग्रह को प्रस्तुत करते हुए मॉडल ने लंबे ए-लाइन गाउन, जैकेट, शेरवानी, कफ्तान, बहुरूपदर्शक प्रिंट के साथ स्कर्ट और प्रसिद्ध बाघ प्रिंट के साथ सूती कपड़े पर महीन जरदोजी कढ़ाई वाला लहंगा पहनी थी। मुमताज खान के कलेक्शन में मेन्सवियर ने भी सभी को लुभाया। जरदोजी की सुंदर पुरानी कला का उपयोग करते हुए बारीकियों पर ध्यान देने के साथ उनका संग्रह वास्तव में विस्मयकारी था। हथकरघा एक लग्जरी आइटम हो सकता है, यह उनके संग्रह से देखा जा सकता है। मुमताज खान की शो स्टॉपर भोपाली गर्ल दिव्यंका त्रिपाठी रहीं, जिन्होंने जरदोजी वर्क के साथ गोल्ड-ऑरेंज टिश्यू का सबसे मंत्रमुग्ध कर देने वाला ब्राइडल लहंगा पहना था।

## अब एक क्लिक पर एमपी में मिल जाएगी एंबुलेंस

**भोपाल।** भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में खड़ी एंबुलेंस को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री प्रभु राम चौधरी, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग मौजूद थे. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हरी झंडी दिखाते ही प्रदेश को 835 सामान्य एंबुलेंस और 167 वेंटिलेटर युक्त 108 संजीवनी एंबुलेंस मिल गई. मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के जरिए एमपी 108 संजीवनी ऐप का शुभारंभ भी किया. इस ऐप के जरिये कोई भी व्यक्ति जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस को बुला सकता है. उसे रियल टाइम पर एम्बुलेंस उपलब्ध होगी.

इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया कि गंभीर बीमारियों के लिए 2 दिनों तक जिले में स्वास्थ्य केंद्र लगाएंगे. कैंसर समेत दूसरी गंभीर बीमारियों की पहचान करके उसका निशुल्क इलाज भी कराएंगे. शहरों में हर 25 हजार की आबादी पर संजीवनी क्लीनिक खोला जाएगा. 2025 तक टीबी की बीमारी को मध्य प्रदेश से समाप्त कर दिया जाएगा. 2030 तक प्रदेश मलेरिया मुक्त हो जाएगा।



### जिंदगी बचाना सबसे बड़ा पुण्य- सीएम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार का टारगेट है कि कोई भी व्यक्ति बिना इलाज के न रहे. जिंदगी बचाने से बड़ा दूसरा कोई पुण्य कोई नहीं हो सकता. साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डिजिटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. शिवराज सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के बजट में 29न्न की वृद्धि भी की. सरकारी अस्पतालों की मरम्मत के लिए 263 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।



## एमबीए और बीएड के दो छात्रों ने फांसी लगाकर दी जान

इंदौर। शहर में दो छात्रों द्वारा खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। एमबीए के छात्र ने होटल में फांसी लगाई, जबकि बीएड के छात्र ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है।



राजेंद्र नगर थाना पुलिस के अनुसा एमबीए के छात्र प्रकाश पुत्र ब्रजमोहन निवासी टिमरनी (हरदा) ने राजेंद्र नगर स्थित होटल फार्च्यून में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह 27 अप्रैल से होटल में रुका हुआ था। उसका शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है। उधर, बीएड के छात्र सुनील सरदार सिंह निवासी अजंदीमान मनावर ने भी भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित गणेश नगर में फांसी लगा दी। दोनों छात्रों ने आत्महत्या क्यों की, अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। दोनों थानों की पुलिस जांच में जुटी है।

## श्रमिक राष्ट्र के सृजक-निशा जहां

**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।** किसी भी राष्ट्र के लिए श्रमिक उस नींव की ईट की तरह है जो स्वयं भवन का संपूर्ण भार झेल कर उसे एक मजबूत आधार प्रदान करता है तथा स्वयं अपने अस्तित्व की परवाह नहीं करता है। ऐसा राष्ट्र जो श्रमिक की अधिकारों की अवहेलना करे ,वह कभी भी विकसित राष्ट्र नहीं हो सकता है। हमारा श्रम विभाग पूर्णता श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता है। श्रमिकों को कार्य हेतु उचित वातावरण उपलब्ध होना, समय पर वेतन भुगतान करवाया जाना, लिंग, जाति, धर्म के आधार पर सामान प्रकृति के कार्य में सामान वेतन दिया जाए यह सुनिश्चित करना, साप्ताहिक सवैतनिक अवकाश, कार्यस्थल पर युक्तियुक्त सुविधा एवं बाल श्रम एवं बंधक श्रम पूर्णता निषेध हैं। श्रम विभाग उक्त सभी अधिकार श्रमिकों को मिल सके इसके लिए पूर्णता प्रतिबद्ध है। शासन स्तर से श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं भी संचालित हैं। उक्त योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही शासन की मंशा है। दतिया जिले में श्रम विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत लगभग दो लाख पंजीकृत श्रमिक हैं, एवं मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना के अंतर्गत लगभग 9000 पंजीकृत श्रमिक हैं। दोनों योजना अंतर्गत पंजीयन का कार्य ग्रामीण स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं शहरी स्तर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी के द्वारा किया जाता है।

## सभी बेद पुरानों का सार है श्रीमद भागवत कथा- हरीश जी



### श्रीमद भागवत कथा पका हुआ फल है- हरीश शास्त्री जी

चार बेद छै शास्त्र अठ्ठारह पुराणों का सार है श्रीमद भागवत कथा ,गीता एक बट व्रक्ष है जिसकी जड़ें चारो बेद है,छै शास्त्र इनकी टहनियाँ है अठ्ठारह पुराण इनकी पत्तियां है उसमें लगने वाला पका हुआ फल श्रीमद भागवत गीता है जिसका रसपान करने से मनुष्य जीवन रूपी नाव से भवसागर पार उतर जाता है उक्त उद्गार ग्राम हिंगावली में चल रही श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा ब्यास पंडित हरीश शास्त्री जी (श्रीधाम व्रन्दावन) ने आज दूसरे दिवस कथा का वर्णन करते हुए कहे कार्यक्रम में परीक्षत मायाराम शर्मा श्रीमती हरिप्यारी शर्मा ,सूरतराम शर्मा ,देवीराम पटसारिया ,विनोद पारासर, नरेंद्र शर्मा,धर्मेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, सजंय शर्मा डेनी, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन व बाहर से आये भक्तगण उपस्थित रहे



## विधायक जालम सिंह और बेटा हत्या की कोशिश के मामले में बरी

जबलपुर। गोटेगांव से भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल और उनके बेटे मोनू पटेल को जबलपुर की विशेष अदालत से बड़ी राहत मिल गई है. दोनों हत्या की कोशिश के मामले में आरोपी थे।

विशेष अदालत ने पिता-पुत्र दोनों को दोषमुक्त करार दिया है। विधायकों के लिए बनी विशेष अदालत ने बीजेपी विधायक जालम सिंह पटेल समेत और उनके बेटे मोनू दोनों को हत्या की कोशिश के मामले से दोषमुक्त कर दिया. ये मामला नवंबर 2014 का है जब गोटेगांव के एक शख्स ने विधायक, उनके पुत्र और गार्ड पर मारपीट कर हत्या की कोशिश का आरोप लगाया था. तब से केस कोर्ट में चल रहा था. इस पर विशेष अदालत ने आज फैसला सुनाया।

### जनता को चालान के अलावा इस पर जीएसटी भी देना होगा

## अपनी छवि चमकाएगी पुलिस, आपको लगेगा जीएसटी का झटका

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस अपनी भ्रष्ट छवि को चमकाने के लिए अब ई-चालान काटेगी। इस नई व्यवस्था से पुलिस के काम में पारदर्शिता आएगी। हालांकि, कैशलेस होने से आम जनता को राहत तो मिलेगी, लेकिन जेब ज्यादा कट जाएगी। जनता को इस चालान के अलावा इस पर जीएसटी भी देना होगा। अभी पुलिस पुराने ढर्रे के तहत रसीद बुक के जरिए चालानी कार्रवाई करती है. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए पुलिस विभाग ने पांच बैंकों से एमओयू साइन कर पीओएस मशीन ली है। पुलिस ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भोपाल संभाग के चार जिलों और सागर संभाग के 6 जिलों की जिम्मेदारी दी है. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से मिली 300 पीओएस मशीनें पुलिस टीम को आवंटित भी कर दी हैं. इसके अलावा इस व्यवस्था के पहले चरण में 4 अन्य बैंकें भी 1500 पीओएस मशीनें जिलों को आवंटित करेंगी. इसके लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।



### कॉन्सटेबल की हालत आज भी खस्ता

पुलिस भले ही हाईटेक हो गई है, लेकिन उसके कॉन्सटेबल की हालत आज भी खस्ता है. प्रदेश में पुलिस स्थापना के 66 साल बाद भी वही नियम लागू हैं. आज भी ट्रैफिक कांस्टेबल को महीने भर का मात्र 200 रुपए साइकिल भत्ता दिया जाता है. अब ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने एक स्वर में इस भत्ते को बढ़ाने की मांग की है. बीते दिनों एडीशनल कमिश्नर राजेश हिंगणकर ने यातायात थाने का निरीक्षण किया था. इसके साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मियों का दरबार भी लगाया था।

### जनता को मिलेगी राहत- डीसीपी

डीसीपी ट्रैफिक हंसराज सिंह ने बताया कि इस सिस्टम से आम जनता को भी राहत मिलेगी. लोग पीओएस मशीन में डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, रुपये, नेट बैंकिंग के माध्यम से बिना किसी झंझट के चालान जमा कर सकेंगे. हालांकि, जनता चालान तो आसानी से जमा कर लेगी, लेकिन उसकी जेब ज्यादा कटेगी. क्योंकि, लोगों को 2.10 प्रतिशत जीएसटी भी देना होगा। यह जीएसटी आरबीआई के निर्धारित नियमानुसार लगाया जाएगा।

### काम का दबाव कम होगा

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीओएस मशीन से काम के दबाव में कमी आएगी. वहीं, यातायात प्रबंधन में लगे पुलिस बल की कार्यदक्षता बढ़ेगी और काम में पारदर्शिता भी आएगी. इसके अलावा यह चालानी कार्यवाही कैशलेस होने से पुलिसकर्मियों की अनावश्यक शिकवा- शिकायत नहीं होगी. इसके अलावा रोड एक्सीडेंट और उसमें होने वाले मौत का आंकड़ों में भी कमी आएगी।

## शासकीय कन्या माध्यमिक शाला देवेन्द्रनगर के प्रधानाध्यापक भूपेन्द्र सिंह राणा को सेवानिवर्त होने पर दी गई विदाई।

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**



दिनांक 30 अप्रेल को शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी माध्यमिक खण्ड देवेन्द्रनगर में पदस्थ रहे प्रधानाध्यापक भूपेन्द्र सिंह राणा को अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर उनके सेवानिवर्त होने पर शिक्षक शाला परिवार द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई।इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से शुभेन्द्र सिंह राणा,सूर्य भूषण मिश्रा प्राचार्य,श्रीमती उषा तिवारी प्राचार्य,व्यख्याता शिवजी रॉय सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती पूजन,वंदना के साथ किया गया। श्री राणा जी का सम्मान शाल,श्रीफल भेंटकर व पुष्माला पहनाकर किया गया। उपस्थित अथितियों द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री राणा को अपने दायित्वों को ईमानदारी के साथ निर्वाहन करने एवं उनके द्वारा किये गए कार्यों सहित एक सरल सहज स्वभाव व मिलनसार व्यक्तिव के धनी व्यक्ति बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रव्यापी पेंशन अदालत का आयोजन

ग्वालियर। चार राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त पेंशन भोगी एवं पारिवारिक पेंशन भोगीयों की पेंशन सम्बन्धित समस्याओं की शिकायत एवं उनके निवारण हेतु एक राष्ट्व्यापी पेंशन अदालत का आयोजन सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश में दिनांक 05 मई 2022 को किया जाएगा। इस राष्ट्व्यापी पेंशन अदालत में श्री दिनेश कुमार शर्मा उप कमाण्डेंट सीमा सुरक्षा बल अकादमी को नोडल आफिसर नियुक्त किया गया है। सीमा सुरक्षा बल के पेंशन भोगी एवं पारिवारिक पेंशन भोगी राष्ट्व्यापी पेंशन अदालत के सम्बंध में किसी प्रकार के प्रश्न के समाधान के लिए नोडल आफिसर को मोबाईल नम्बर 7976043259 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त कार्मिक अपनी समस्याऐं लिखित रूप से उक्त मोबाईल नम्बर पर प्रेषित कर सकते हैं। सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पी0ए0डी0ध्सी0पी0ए0ओ0ध्सी0पी0पी0सी0 एवं भारतीय स्टेट बैंक की पेंशन वितरण शाखा के प्रतिनिधि इस राष्ट्व्यापी पेंशन अदालत में उपलब्ध होगें। अतः सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त कार्मिक पेंशन सम्बन्धी अपनी शिकायत के निवारण हेतु दिनांक 05 मई 2022 को सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में 9ः30 बजे तक पहुंचने का श्रम करें। आपकी जो भी शिकायत है उसे उक्त मोबाईल नम्बर पर 04 मई 2022 से पहले भेजें ताकि आपकी शिकायत पर उचित कार्यवाही की जा सके।

### पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर 2 मई को ग्वालियर आयेंगीं

ग्वालियर। पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की मंत्री सुश्री उषा ठाकुर एक दिवसीय प्रवास पर सोमवार को ग्वालियर आयेंगीं। स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात शाम 7.50 बजे ग्वालियर से रेलमार्ग द्वारा इंदौर रवाना होंगीं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर सोमवार 2 मई को प्रातः 10.30 बजे आईआईटीटीएम ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगीं। इसके पश्चात दोपहर 3.30 बजे ग्वालियर से प्रस्थान कर मुरैना जिले के ऐंती गाँव पहुँचकर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगीं। शनि मंदिर के दर्शन करने के उपरांत ग्वालियर वापस आकर इंदौर के लिये प्रस्थान करेंगीं।

### भाजपा द्वारा चार मंडलों की त्रिदेव प्रशिक्षण कार्यशालाएं संपन्न

**भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है- माखीजानी**




ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बडा राजनैतिक दल है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। कोई भी सामान्य कार्यकर्ता स्थानीय समिति का अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, राष्टीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी में ही बन सकता है। मतदान केंद्र स्तर पर भारतीय जनता पार्टी मजबूत स्थिति में हो इसका सक्रिय और सराहनीय प्रयास पार्टी द्वारा किया जा रहा है। इसका परिणाम यह है कि मतदान केंद्र स्तर पर पार्टी के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उक्त उद्गार शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने भगवति गार्डन, चौहान प्याउ के पास आयोजित स्वामी रामकृष्ण मंडल की त्रिदेव प्रषिक्षण एवं सोशल मीडिया-आईटी विभाग की कार्यषाला में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। कार्यशाला में बीज निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, मण्डल के कार्यशाला प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्र पवैया, मंडल अध्यक्ष श्री उमेश सिंह भदौरिया, महामंत्रीगण श्री हृदेश वन्टी त्यागी, प्रेम मंडेलिया सहित शक्ति केंद्र के संयोजकगण, सह संयोजकगण एवं सभी बूथ अध्यक्षगण, बूथ महामंत्रीगण, बूथ बीएलएगण उपस्थित रहे।

### मतदान केंद्र भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण ईकाई है-चौधरी

गवालियर। मतदान केंद्र भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण ईकाई है। बूथ अध्यक्ष, महामंत्री एव बीएलए जिसे हमने त्रिदेव की संज्ञा दी है। यही भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक ताकत है। यह त्रिदेव अपनी टीम के साथ बूथ जीता चुनाव जीता के रणनीतिकार साबित होंगे तथा केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की शिवराज सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर खडे अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य करेंगे। उक्त उद्गार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अभय चौधरी ने विनय नगर स्थित रामरति गार्डन में आयोजित कोटेष्वर मंडल की त्रिदेव प्रषिक्षण कार्यषाला में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।

**कार्यशाला की अध्यक्षता प्रयाग सिंह तोमर ने की।**

इस अवसर पर उर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर, महेश जायसवाल सहित सभी बूथ अध्यक्षगण, बूथ महामंत्रीगण, बूथ बीएलएगण उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन श्याम गौड ने एवं आभार राजेश शर्मा ने व्यक्त किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से तैयार करती रहती है-जोशी

ग्वालियर। भाजपा संगठन स्तर पर लगातार कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से तैयार करती रहती है। नए कार्यकर्ताओं का पार्टी में प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यपद्धति को समझना और पार्टी के विचारधारा के अनुरूप जनमानस की भावनाओं में अपना एक स्थान बनाना, योजनाएं या फिर पार्टी के कार्यक्रम उनमें बढचढकर हिस्सा लेना और अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभांवित करते हुए मुख्य धारा में लाना यही भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धित एवं रीति-नीति है। उक्त उद्गार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री विवेक जोषी ने रमटापुरा स्थित बैस गार्डन में आयोजित वीर दुर्गादास मंडल की त्रिदेव प्रषिक्षण कार्यषाला में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। कार्यशाला का संचालन कमल वर्मा ने एवं आभार राजू जादौन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश शेखावत, प्रमोद खंडेलवाल, बृजमोहन शर्मा, दारा सिंह सेंगर, सुनील मिश्रा, मनीष सोनी सहित सभी बूथ अध्यक्षगण, बूथ महामंत्रीगण, बूथ बीएलएगण उपस्थित थे।

### हमें पार्टी को सर्व स्पर्षी एवं सर्व व्यापी बनाना है-शर्मा

ग्वालियर। रमटापुरा स्थित बैस गार्डन में रानी लक्ष्मीबाई मंडल की त्रिदेव प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए जिला महामंत्री एवं विस्तारक योजना के प्रभारी विनोद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा है देश प्रथम, दल दूसरे नंबर पर, पार्टी और स्वयं तीसरे नंबर पर आते हैं। हमें पार्टी को सर्व स्पर्शी एवं सर्वव्यापी बनाना है। कार्यशाला में मंडल प्रभारी धर्मेंद्र राणा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, महामंत्री राजू सेंगर, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, सोशल मीडिया के जिला सह संयोजक सुनील मिश्रा उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन मंडल अध्यक्ष विकास गिरि एवं आभार महामंत्री छोटे तोमर ने व्यक्त किया।

### भाजपा द्वारा चार मंडलों की त्रिदेव प्रषिक्षण कार्यशालाएं आज

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए चार मंडलों में त्रिदेव प्रशिक्षण वर्ग 1 मई को आयोजित किए जाएंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के प्रभारी एवं जिला महामंत्री श्री विनोद शर्मा ने दी। भगत सिंह मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला 1 मई को सुबह 10 बजे मदन मोहन जी का मंदिर में आयोजित होगी।

# हर व्यक्ति को स्वच्छ और पर्याप्त जल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

### जल जीवन मिशन के कार्यों की राज्य मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने की विस्तार से समीक्षा






### ग्वालियर-चंबल व सागर संभाग में किए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा

ग्वालियर। हर व्यक्ति को स्वच्छ और पर्याप्त जल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों के घरों में नल की टोंटी के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के राज्य मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा है कि मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्य मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने शनिवार को होटल लैण्डमार्क में ग्वालियर-चंबल एवं सागर संभाग के जिलों में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिए हैं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री मलय श्रीवास्तव, संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी के मेदसवार, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के राज्य मंत्री श्री यादव ने समीक्षा के दौरान कहा है कि जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन मैदानी स्तर पर जाकर भी करेंगे। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी ठेकेदार के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को घर पर ही स्वच्छ और पर्याप्त जल उपलब्ध हो। इसके लिये जिन पंचायतों को चयनित किया गया है, उनमें तीव्रता से कार्य कराया जाए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री यादव ने यह भी कहा कि परियोजना के तहत अगर कोई ठेकेदार कार्य में लापरवाही बरतता है तो उसके विरूद्ध ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। किसी भी गाँव में स्त्रोत मिलने और लाईन बिछाने के बाद टंकी निर्माण की प्रतीक्षा न करते हुए पेयजल वितरण का कार्य मोटर लगाकर भी प्रारंभ किया जाए। गर्मी के मौसम को देखते हुए विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी हैण्डपम्प खराब होने की सूचना मिलने पर तत्परता से उसे ठीक करने का कार्य किया जाए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव ने समीक्षा बैठक में कहा कि विभागीय अधिकारी इस महत्वपूर्ण योजना को पूर्ण गंभीरता से लें। योजना के तहत प्रारंभ किए गए कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें, ताकि ग्रामीणों को समय पर इसका भरपूर लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर में स्थापित 5 लाख 65 हजार हैण्डपम्पों को जियो टैग से जोड़ा जा रहा है।

# शहर विकास एवं यातायात प्रबंधन के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक



### विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

ग्वालियर। शहर विकास की परियोजनाओं के क्रियान्वयन और यातायात प्रबंधन के लिये कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। विकास कार्यों को तीव्र गति से करने के साथ ही शहर के यातायात प्रबंधन के लिये भी पुख्ता कार्य करने की बात कही।

शहर विकास के मुद्दों पर आयोजित इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री इच्छित ग?पाले, एडिशनल एसपी श्री अभिनव चौकसे सहित निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने यातायात प्रबंधन की चर्चा करते हुए कहा कि शहर में व्यवस्थित ढंग से यातायात संचालित हो, इसके लिये पुलिस विभाग की ओर से प्रमुख स्थानों पर पार्किंग स्थल चयनित कर प्रस्तावित किए जाएं, ताकि उन्हें पार्किंग क्षेत्र घोषित किया जा सके। इसके साथ ही जिन मार्गों पर यातायात का दबाव अधिक रहता है वहाँ पर यातायात सुगम करने की दिशा में भी बेहतर प्रयास किए जाएं।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा है कि यातायात प्रबंधन के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें, जिस पर नियमित समीक्षा कर कार्रवाई की जा सके। यातायात में बाधक बिजली के खम्बों को हटाने के साथ ङ्क साथ अन्य छोटी-छोटी बाधाओं को हटाने का कार्य भी चरणबद्ध तरीके से किया जाए। बैठक में यह भी निर्धारित किया गया है कि यातायात पुलिस शहर में टेम्पो स्टैण्ड के लिये भी स्थल निर्धारित करे। इन टैम्पो स्टेण्ड को व्यवस्थित करने के लिये स्मार्ट सिटी के माध्यम से डिजायन तैयार कराया जाए, ताकि शहर में व्यवस्थित टेम्पो स्टेण्ड तैयार हो सके।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने सुझाव दिया कि यातायात प्रबंधन के लिये अगर शहर के नागरिक भी अपनी निजी भूमि पार्किंग हेतु उपलब्ध कराने के इच्छुक हों तो उनका स्वागत है। नगर निगम द्वारा उन स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी, इसके साथ ही जो राशि प्राप्त होगी उसमें से कुछ राशि निगम रखने के पश्चात शेष राशि भू-स्वामी को भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने अपेक्षा की कि शहर के नागरिक भी यातायात प्रबंधन में आगे आएं और अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित की जा रहीं सिटी बसों को शहर में संचालित किया जाए। जो बसें शहर से बाहर जा रही हैं उनमें भी अगर परिवर्तन की जरूरत है तो परिवर्तन का प्रस्ताव रखें। बैठक में मेडीकल यूनिवर्सिटी, एक हजार बिस्तर अस्पताल के निर्माण के साथ ही डीआरडीओ को उपलब्ध कराई गई जमीन के विकास के संबंध में भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

### नियमों का उल्लंघन करने वाली 07 स्कूली बसों पर की गई चालानी कार्यवाही



ग्वालियर। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, भापुसे के निर्देश पर अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-मध्य/यातायात श्री अभिनव चौकसे, भापुसे के मार्गदर्शन मेंयातायात पुलिस द्वारा आज शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात नियमों का पालन न करने वाले स्कूली वाहनों के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा सतत् चैकिंग अभियान चलाकर स्कूली बसों, ऑटों आदि को चैक किया गया तथा नियमों का उल्लघंन करने वाली 07 स्कूली बसों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनसे समन शुल्क वसूल किया गया। यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा चैकिंग के दौरान आने-जाने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई।

# स्वच्छता भी ईश्वर आराधना : रामप्रसाद महाराज एवं निगम आयुक्त कान्याल



### शिवमहापुराण में भी स्वच्छता संकल्प के लिये उठे हाथ

ग्वालियर। स्वच्छ सर्वेक्षण में ग्वालियर को अव्वल नंबर पर लाने के लिये समूचा शहर प्रयासरत है, आज शिवपुराण में भी प्रख्यात विद्वान रामसनेही संप्रदाय के रामप्रसाद महाराज एवं नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने स्वच्छता के लिये आव्हान किया तो हजारों हाथों ने समर्थन दिया। रामप्रसाद महाराज ने कहा कि जिस प्रकार हम पूजा पाठ के लिये स्वच्छ होकर ही ईश्वर की आराधना करते हैं , उसी प्रकार अपने घर, मोहल्ले, नगर, प्रदेश और देश के लिये स्वच्छता भी आवश्यक है, यह एक प्रकार से ईश्वर की आराधना ही है।

मधुवन एनक्लेव में श्रीमद शिव महापुराण के सांतवे दिन आज रामप्रसाद महाराज व निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने आम लोगों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। रामप्रसाद महाराज ने आज भगवान शिव के 12 ज्योर्तिलिंगों की कथाएं सुनाकर लोगों को शिवभक्ति में अभिभूत कर दिया। उन्होने कहा कि शिव आराधना श्रेष्ठ ही नहीं सर्वश्रेष्ठ है। प्रत्येक व्यक्ति को जब भी समय मिले भगवान शिव की आराधना जरूर करना चाहिये। भगवान शिव की आराधना आपकी तकदीर की रेखाएं भी आपके पक्ष में प्रबल कर सकती है।

इस मौके पर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने कहा कि वह भी शिव भक्त हैं और आजकल स्वच्छता के माध्यम से आम लोगों को जागरूक कर रहे हैं, जब शहर , गली, मोहल्ले ,सडकें स्वच्छ होंगे तो हम सभी स्वस्थ भी होंगे। उन्होंने आम लोगों को हाथ उठवाकर स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होने कहा कि कचरा निपटान भी एक बडा कार्य है इसके लिये आपको कचरा भी अलग-अलग कंटेंनरों में ही डालने हैं, ताकि स्वच्छता कर्मी उसका निश्चित निपटान कर सके।

### एसएसपी अमित सांघी व निगम आयुक्त का सम्मान

ओजस्वी विद्वान रामप्रसाद महाराज ने अपनी शिवमहापुराण के दौरान पहुंचे एसएसपी अमित सांघी व निगम आयुक्त किशोर कान्याल का शॉल ओढाकर और रूद्राक्ष माला पहनाकर अभिनंदन किया। इससे पूर्व एसएसपी सांघी व निगम आयुक्त कान्याल ने महाराज श्री को पुष्पहार पहनाकर अभिनंदन किया।

### महा आरती हुई

शिवमहापुराण के सांतवे दिन की समाप्ति पर महाआरती हुई, जिसमें घरों से आरती थाल सजाकर लाई महिलाओं व पुरूषों ने हिस्सा लिया।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478